नई दिल्ली
शनिवार, 8 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 28, अंक : 328
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 30
न्यून. 13

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में दी यह जानकारी

# हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की बिना किसी भेदभाव के जांच करेगा बांग्लादेश

आतंकी तहव्वुर राणा का होगा प्रत्यर्पण, अमेरिका संग मिलकर काम कर रहा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते चरमपंथियों के हमलों के बीच शुक्रवार को भारत ने प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत, बांग्लादेश में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित है।

वहां के हालात के लिए गंभीर अपराधों में संलिप्त चरमपंथियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। इनकी रिहाई से स्थिति बद से बदतर हो गई है। भारत ने लगातार यह कहा है कि हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यकों के जानमाल व उनके धार्मिक संस्थानों ▶▶ शेष पेज 5 पर



### एक सुरक्षित, स्थिर बांग्लादेश के समर्थक

जायसवाल ने कहा, भारत एक सुरक्षित, स्थिर, समावेशी और समृद्ध बांग्लादेश का समर्थन करता है। जहां सभी मुद्दों का समाधान लोकतांत्रिक तरीकों और समावेशी आधार पर सबकी भागीदारी वाले चुनाव से किया जाना चाहिए। उन्होंने एक आंकड़ा साझा करते हुए कहा कि पिछले साल 2024 के अगस्त महीने से लेकर इस साल 16 फरवरी तक बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुई हिंसा की 2 हजार 374 घटनाओं में से 1 हजार 254 को ही पुलिस ने प्रमाणित किया है। इनमें से 98 फीसदी मामले राजनीतिक नेचर के थे। दोनों देशों के बीच बीते 6-7 मार्च को कोलकाता में संयुक्त नदी आयोग की 86वीं बैठक हुई थी। जिसमें गंगा जल संधि के मुद्दे पर चर्चा की गई। यह एक नियमित तकनीकी बैठक थी, जो साल में दो बार होती ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राणा का होगा प्रत्यर्पण, काम जारी

26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता आतंकी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को लेकर भारत, अमेरिका की सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसमें प्रत्यर्पण से जुड़ी हुई तमाम औपचारिकताओं पर ध्यान दिया जा रहा है। जायसवाल के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राणा के भारत प्रत्यर्पण की पुष्टि की है।

### अमेरिका से साझा किए टैरिफ पर विचार

उन्होंने ट्रंप के भारत पर 2 अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लगाने के बयान पर कहा कि पिछले 4 से 6 मार्च तक भारत के वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका की यात्रा पर गए थे। वहां उन्होंने व्यापार, टैरिफ के मुद्दे पर चर्चा की है। हमने उन्हें मल्टी सेक्टर द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर अपने विचार बताए हैं। मामले ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 11 से 12 मार्च तक होगी पीएम की मॉरीशस यात्रा

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने 11 से 12 मार्च तक मॉरीशस की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिसका उद्देश्य 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करना है। पीएम को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने इस यात्रा के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भारत की सशस्त्र सेनाओं का दस्ता और नौसेना का एक युद्धपोत शामिल होगा। इस यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉरीशस के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वरिष्ठ नेताओं और सरकार के अन्य महत्वपूर्ण प्रतिनिधियों से मुलाकात होगी। पूर्व में पीएम मोदी ने वर्ष 2015 में मॉरीशस का दौरा था।

## ललित मोदी ने ली वानुआतु की नागरिकता, सरकार की कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी

भारत के भगोड़े आर्थिक अपराधी ललित मोदी ने प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश वानुआतु की नागरिकता ले ली है। उसने अपने भारतीय पासपोर्ट के समर्पण के लिए लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में एक आवेदन भी किया है। लेकिन उसके खिलाफ आर्थिक अपराध से जुड़े हुए विभिन्न मामलों पर सरकार की कार्रवाई जारी रहेगी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न के जवाब में दी। उन्होंने बताया कि ललित मोदी ने भारतीय पासपोर्ट के समर्पण के लिए हमारे उच्चायोग में एक आवेदन किया है। जिसकी पासपोर्ट जमा करने के नियमों और उससे जुड़ी हुई अन्य प्रक्रियाओं के तहत जांच की जाएगी। भारत सरकार के संज्ञान में ललित मोदी द्वारा वानुआतु की नागरिकता लेने की जानकारी भी है। लेकिन उनके खिलाफ अपराध से जुड़े हुए जो भी मामले हैं। उन्हें लेकर सरकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### इजरायल में 10 भारतीयों की सुरक्षा में लगा दूतावास

जायसवाल ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि इजरायल में निर्माण क्षेत्र में काम कर रहे 10 भारतीय मजदूर लापता हो गए थे। इजरायल की अथॉरिटी उन्हें वेस्ट बैंक से ढूंढकर वापस इजरायल ले आई है। अब इस मामले की जांच चल रही है कि आखिर कैसे ये लोग वेस्ट बैंक पहुंचे। ▶▶ शेष पेज 5 पर

ग्रामीण शासन में महिलाओं के वास्तविक नेतृत्व को बढ़ावा देने

## पंचायती राज मंत्रालय ने 'सरपंच पति' संस्कृति के खिलाफ शुरू की मुहिम



यह अभियान मंत्रालय के सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला दिवस विशेष

पंचायती राज मंत्रालय ने ग्रामीण शासन में महिलाओं के वास्तविक नेतृत्व को बढ़ावा देने और सरपंच पति संस्कृति को खत्म करने के लिए एक नई मुहिम की शुरुआत की है। इस प्रथा में चुनी हुई महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पति या पुरुष रिश्तेदार फैसले लेते हैं, जिससे महिलाओं के संवैधानिक अधिकार कमजोर पड़ते हैं।

इस अभियान के तहत, मंत्रालय ने द वायरल फीवर के साथ मिलकर डिजिटल सामग्री तैयार की है, जो पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को लेकर जागरूकता बढ़ाएगी। इस पहल की पहली कड़ी असली प्रधान कौन? का प्रीमियर 4 मार्च 2025 को हुआ। यह फिल्म लोकप्रिय वेब सीरीज पंचायत के आधार पर बनाई गई है और इसमें नीना गुप्ता, चंदन रॉय और फैसल मलिक जैसे प्रसिद्ध कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रदर्शित किया गया, जहां देशभर से आई ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दो और फिल्में जल्द ही जारी होंगी

यह अभियान मंत्रालय के सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पंचायतों में चुनी हुई महिला नेताओं को प्रशिक्षण और समर्थन देना है, ताकि वे अपने संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभा सकें। यह अभियान पंचायतों में महिलाओं की वास्तविक भागीदारी को मजबूत करने और उनके अधिकारों को छीनने वाली प्रथाओं को समाप्त करने के लिए शुरू किया गया है। मंत्रालय इस अभियान के तहत दो और फिल्में जल्द ही जारी करेगा। पहली फिल्म डिजिटल पारदर्शिता पर आधारित होगी, जो दिखाएगी कि कैसे तकनीक ग्रामीण शासन को बेहतर बना सकती है। दूसरी फिल्म स्वयं का राजस्व स्रोत पर केंद्रित होगी, जो पंचायतों के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

### रूस से 248 मिलियन डॉलर का समझौता



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारतीय सेना के टी-72 टैंकों के लिए रूस से 1 हजार एचपी इंजन की खरीद की जाएगी। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को रूसी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट के साथ कुल करीब 248 मिलियन डॉलर के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कवायद से सेना की युद्धक गतिशीलता और आक्रामक क्षमता बढ़ेगी। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पारले-जी ग्रुप के ठिकानों पर छापा



**नई दिल्ली।** मुंबई में पारले ग्रुप पर इनकम टैक्स विभाग ने छापेमारी की है। पारले ग्रुप पारले-जी, मोनाको और अन्य ब्रांड नेम से बिस्कुट बेचने वाली फर्म है। मुंबई में कंपनी के कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। आयकर विभाग की फॉरेन असेट यूनिट और मुंबई की इनकम टैक्स की ओर से सर्च किया जा रहा है। छापेमारी पूरी होने के बाद ही कारणों का खुलासा हो सकता है।

### बेंगलुरु में संघ की 3 दिवसीय प्रतिनिधि सभा



**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा इस साल बेंगलुरु में 21, 22 एवं 23 मार्च 2025 को आयोजित की जाएगी। संघ की कार्य पद्धति में यह निर्णय करने वाली सर्वोच्च इकाई है तथा इसका आयोजन प्रतिवर्ष होता है। बैठक बेंगलुरु के चन्नेनहल्ली में स्थित जनसेवा विद्या केंद्र परिसर में होगी। बैठक में गत वर्ष का कार्यवृत्त रखा जाएगा तथा उस पर समीक्षात्मक चर्चा के साथ विशेष कार्यों का निवेदन भी होगा।

बड़ी टिप्पणी : भ्रष्टाचार मामले में सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

## 'भाड़े के हत्यारों' से भी ज्यादा खतरनाक हैं भ्रष्ट नेता-अफसर

*समाज की प्रगति में बाधा डालने वाला एकमात्र कारक है भ्रष्टाचार*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की कड़ी आलोचना की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च स्तरों पर बैठे भ्रष्ट तत्व समाज के लिए भाड़े के हत्यारों से भी ज्यादा खतरनाक हैं।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि विकासशील देश के समाज को कानून और व्यवस्था के लिए किराए के हत्यारों से भी बड़ी समस्या का ▶▶ शेष पेज 5 पर



### अदालतों को दिए निर्देश

### अभियुक्त की स्वतंत्रता से कर दें इनकार

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अभियुक्त की स्वतंत्रता के प्रति अत्यधिक आग्रहपूर्ण श्रद्धांजलि कभी-कभी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### और, क्या कहा कोर्ट ने?

### भ्रष्टाचार को अक्सर दंड से मुक्त होकर पनपने दिया जाता है

भ्रष्टाचार की जड़ जमाए प्रकृति की निंदा करते हुए पीठ ने कहा कि यदि किसी से पूछा जाए कि वह एकमात्र कारक क्या है जिसने हमारे समाज की समृद्धि की ओर प्रगति को प्रभावी रूप से अवरुद्ध कर दिया है, तो निस्संदेह वह भ्रष्टाचार है। कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार को अक्सर दंड से मुक्त होकर पनपने दिया जाता है, विशेष रूप से उच्च पदस्थ व्यक्तियों के बीच, जिसके ▶▶ शेष पेज 5 पर

## हरियाणा के अंबाला में दुर्घटनाग्रस्त हुआ जगुआर विमान



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के अंबाला में शुक्रवार को भारतीय वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित है। वायुसेना ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। जिसके बाद इस हादसे से जुड़े हुए असल कारणों का खुलासा हो सकेगा। वायुसेना ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि आज एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान बल का जगुआर लड़ाकू विमान अंबाला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके पीछे उड़ान के दौरान सिस्टम में आई खराबी वजह रही है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए वायुसेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं। घटना के दौरान पायलट ने विमान से बाहर निकलने के लिए पैराशूट का प्रयोग किया और इसकी मदद से वह विमान को आबादी वाली बस्ती से दूर ले गया।









## नीरज बवानिया गिरोह से जुड़ा सरगना अरेस्ट

# गैंगस्टर के फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अपराध शाखा ने फर्जी पहचान का उपयोग कर गैंगस्टर और अपराधियों के पासपोर्ट बनाकर उन्हें विदेश भागने में मदद करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के सरगना निशांत कुमार सक्सेना व उसके छह अन्य साथियों को गिरफ्तार किया गया है। सरगना नीरज बवाना गिरोह का किंगपिन बताया गया है।

एडिशनल सीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि अपराध शाखा गैंगस्टर, वांछित अपराधियों और पैरोल पाकर फरार होने वाले अपराधियों के लिए फर्जी पासपोर्ट बनाने में शामिल गिरोह पर नजर रखे हुए थी। चार महीने की निगरानी के दौरान टीम ने गिरोह के संचालन के बारे में खुफिया जानकारी जुटाई। फर्जी नाम और पते का इस्तेमाल कर आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेज बनाए जा रहे थे। फर्जी पहचान पत्रों का इस्तेमाल पासपोर्ट कार्यालयों, मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ में अपने स्रोतों के माध्यम से वैध भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए किया गया। अधिकारी ने बताया कि कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे अपराधी इस गिरोह से संपर्क करते थे, जिससे उन्हें मुकदमे से बचने और विदेशों में गैरकानूनी गतिविधियों को जारी रखने का मौका मिलता था। खुफिया जानकारी के आधार पर एक ऑपरेशन शुरू किया गया। एक गुप्त एजेंट ने ग्राहक बनकर फर्जी नाम से पासपोर्ट बनाने को कहा। मुख्य संदिग्ध निशांत कुमार सक्सेना ने अपने सहयोगी सूफियान के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज बनाने में मदद की। अधिकारी ने बताया कि टीम ने आगे पाया कि पासपोर्ट आवेदन को कुछ पासपोर्ट सेवा केंद्र अधिकारियों की मदद से अवैध तरीकों से संसोधित किया गया था। 25 फरवरी को लखनऊ में सक्सेना के दफ्तर पर छापेमारी के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कई फर्जी पासपोर्ट, सीपीयू, मोबाइल फोन और जाली दस्तावेज का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है। छापेमारी के बाद छह फर्जी पासपोर्ट, 12 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, दो सीपीयू, एक पीवीसी कलर कार्ड प्रिंटर, लगभग एक हजार खाली और पहले से भरे पीवीसी पहचान पत्र बरामद किए गये, जिनमें आधार, मतदाता पहचान पत्र, पैन व आयुष्मान कार्ड, बैंकों और सरकारी संस्थानों के 12 स्टैम्प भी शामिल हैं। सक्सेना की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने गिरोह के मुख्य सदस्यों सहित छह और लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस इस गिरोह और पासपोर्ट कार्यालयों के उन अधिकारियों के बीच संभावित गठजोड़ की भी जांच कर रही है, जिन्होंने फर्जी दस्तावेज जारी करने में मदद थी। पकड़े गये अन्य लोगों के नाम सूफियान, अतुल कुमार, सुखदीप सिंह, उसामा जफर, मोनू उर्फ आर्यन और हरपाल सिंह हैं।

### हेरोइन बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के एंटी-नारकोटिक सेल ने एक हेरोइन बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। फैक्ट्री पर छापा मारा हेरोइन व अन्य केमिकल जब्त किया गया हैं। बरामद की गई हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों बताई जा रही है। डीसीपी निधि वासन के अनुसार एंटी नारकोटिक्स सेल ने अप्रैल 2024 में नारकोटिक्स के खिलाफ अभियान शुरू किया था। टीम ने अवैध ड्रग सिंडिकेट को खत्म करने के लिये कई सफल ऑपरेशन चलाये व काफी मात्रा में ड्रग्स जब्त की गई। तीन मार्च को नदीम खान को पकड़ा गया। इसकी निशानदेही पर निर्माण इकाई पर छापा मारा गया। वहां से 508 ग्राम हेरोइन, 4.980 किलोग्राम सोडियम, 5.292 किलोग्राम एसिटिक एनहाइड्राइड व अन्य आपत्तिजनक आइटम बरामद हुये। नदीम खान न्यू कर्दमपुरी का रहने वाला है। वह पहले भी एनडीपीएस अधिनियम मामलों में शामिल रह चुका है।

# बैंकिंग सिस्टम में सेंध लगाने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज :नई दिल्ली



साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बैंकिंग सिस्टम में सेंध लगाकर जाली चेक के जरिये निष्क्रिय खातों से पैसे उड़ाते थे। पकड़े गये जालसाजों व ठगों से दो मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, पांच चेक बुक और एक पासबुक बरामद हुई है। गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम कपिल कुमार और लोकेंद्र उर्फ जुगनू है। दोनों यूपी के अमरोहा और बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार शिकायतकर्ता संजीव कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें बैंक कर्मचारियों द्वारा सूचित किया गया था कि उनके पीएनबी खाते से चेक के माध्यम से 24,35,000 रुपये की निकासी की गई है। साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया था। अपराध की गंभीरता को देखते हुए धोखेबाजों को पकड़ने के लिए ऐश्वर्या शर्मा, एडिशनल डीसीपी की देखरेख में एक टीम गठित की गई थी। जांच के दौरान पता चला है कि कुल ठगी गई धनराशि पीड़ित के खाते से दो चेक के माध्यम से निकाली गई थी। लेकिन चौंकाने वाली बात यह थी कि उक्त चेक शिकायतकर्ता के पास ही पड़े थे। इससे पता चलता है कि आरोपी एक गिरोह संचालित कर रहे थे जो निष्क्रिय खातों को निशाना बनाते थे और उक्त खातों में पड़ी राशि को निकालने के लिए जाली चेक तैयार करते थे। जांच में यह भी पता चला कि 14,50,000 की राशि कपिल कुमार के बैंक खाते में तथा 9,09,000 की राशि आरोपी लोकेंद्र उर्फ जुगनू के दो बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी। दोनों आरोपियों को नोटिस दिया गया, लेकिन वे फरार थे। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किए गए थे। आखिरकार दोनों को टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से दबोच लिया गया। जांच के दौरान आरोपी कपिल कुमार और लोकेंद्र उर्फ जुगनू ने खुलासा किया कि उन्हें धर्मेंद्र चौहान नामक व्यक्ति ने बैंक खाते उपलब्ध करवाने के एवज में भारी कमीशन का लालच दिया था। इस सब में धर्मेंद्र चौहान के साथ एहतेसाम नामक व्यक्ति भी काम कर रहा था। धर्मेंद्र चौहान और एहतेसाम को पकड़ने और अन्य तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### दर्जनों गांवों सहित अनेक कालोनियों में रहेगी जलापूर्ति प्रभावित, टैंकरों से मिलेगा पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने सूचना जारी करते हुए कहा है कि जरूरी मरम्मत के चलते बाहरी दिल्ली के दर्जनों गांवों सहित अनके कालोनियों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने बताया कि डब्ल्यूटीपी नांगलोई में क्लेरिफायर की सफाई करने के चलते 10 -31 मार्च 2025 तक अगल अलग दिन सफाई होगी, उसी आधार पर जलापूर्ति प्रभावित होगी। डीजेबी के अनुसार नांगलोई, मुंडका सहित आसपास की कॉलोनियां, हिरन कुदना, कमरुद्दीन नगर, निहाल विहार, रणहोल्ला गांव, बक्करवाला, नांगलोई जेजेसी, कैंप, ज्वालापुरी, राजधानी पार्क, फ्रेंड्स एन्क्लेव, कविता कॉलोनी, मोहन गार्डन कॉलोनियों का समूह, मछली बाजार बूस्टर कमांड क्षेत्र की कालोनियां, विकास नगर कालोनियों का समूह, उत्तम नगर कालोनियों का समूह, मटियाला क्षेत्र, हस्तसाल, दिचाऊं कलां, झड़ोदा गाँव, मित्राऊँ गांव, गोपाल नगर कालोनियों का समूह, सभी निकटवर्ती कालोनियों के साथ सैनिक एन्क्लेव, जनकपुरी और उनके आसपास के क्षेत्र शामिल है।

# आईएफएस अधिकारी ने इमारत से कूदकर जान दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ चाणक्यपुरी इलाके की घटना

भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी ने शुक्रवार सुबह चाणक्यपुरी इलाके में एक इमारत की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृत अधिकारी का नाम जितेंद्र रावत (35-40) बताया गया है। पुलिस के अनुसार कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। इसलिये आत्महत्या करने के पीछे की वजह साफ नहीं हो पाई है। पुलिस परिवार के सदस्यों से बात कर रही है।

पुलिस के अनुसार सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर सोसायटी के गार्ड से घटना के संबंध में पीसीआर कॉल मिली। गंभीर रूप से घायल आईएफएस अधिकारी को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी विदेश मंत्रालय में 'ओवरसीज एंप्लॉयमेंट्स एंड प्रोटेक्टरेट जनरल ऑफ एमिग्रेंट्स' के निदेशक थे। सूत्रों ने बताया कि वह डिप्रेशन में थे और उनका इलाज भी चल रहा था। एमईए की सोसायटी की पहली मंजिल पर जितेंद्र रावत के साथ उनकी मां रह रही थी। पत्नी और बच्चे देहरादून में रहते हैं। उनकी पत्नी को सूचना दी गई। वह भी दिल्ली पहुंच चुकी है। जितेंद्र रावत उत्तराखंड के रहने वाले थे। वहीं, सुबह के समय जब आसपास के लोगों को इस घटना के बारे में जानकारी हुई तो तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। कुछ लोग इस घटना को पारिवारिक कलह के एंगल से जोड़कर भी देख रहे हैं। हालांकि, घटना के पीछे का सच क्या है, यह जांच का विषय है।

# कुख्यात बदमाश एनकाउंटर में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने एक कुख्यात अपराधी शेर खान उर्फ शेरू को एक हल्की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक अवैध देशी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुये हैं। शेरू 17 दिसंबर 2024 को नरेला इलाके में हुई सनसनीखेज गोलीबारी की घटना में भी वांछित था। शेरू नरेला का रहने वाला है। इसने अपने भाई सोहेल के साथ मिलकर नरेला में गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। शेरू के परिवार की जावेद परिवार से रंजिश चल रही है। दोनों परिवारों में फिर से झगड़ा हुआ था और एक-दूसरे पर क्रॉस फायरिंग की गई थी। इस क्रॉसफायर में एक मासूम 10 वर्षीय बच्चे को गोली लग गई थी। मामले में क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई थी। वायरल वीडियो में शेर खान और उसके भाई को पिस्तौल से फायरिंग करते देखा गया था। शेर खान के भाई सोहेल को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और वर्तमान शेर खान उर्फ शेरू के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। आरोपी शेर खान हत्या, डकैती, पोक्सो, हत्या के प्रयास आदि सहित 25 से अधिक जघन्य मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने शेरू को रोहिणी इलाके के हैलीपैड, बरवाला गांव से पकड़ा। इसके पहले पुलिस पार्टी ने उसे रुकने का इशारा किया था लेकिन उसने पुलिस टीम पर गोलियां चला दी। पुलिस टीम द्वारा चेतावनी के लिए एक फायर हवा में किया गया। लेकिन इसके बाद भी उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और पुलिस टीम पर दूसरा फायर करने की कोशिश में था, तभी आत्मरक्षा में पुलिस ने आरोपी की ओर एक राउंड फायर किया गया। आरोपी के दाहिने पैर में चोट आई है।

## भारत महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उठा रहा है ऐतिहासिक कदम : चहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारत एक नए युग में प्रवेश कर रहा है, जहाँ 'भारत की राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मु' का नेतृत्व महिलाओं की बढ़ती भूमिका का सशक्त प्रमाण है। 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी' के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठा रहा है, जिससे समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और प्रतिनिधित्व को बढ़ावा मिल रहा है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को जय सिंह मार्ग स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में एनडीएमसी महिला कर्मचारी कल्याण संघ और एनडीएमसी कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन कार्यक्रम में यह संबोधन दिया। इस आयोजन का उद्देश्य महिला कर्मियों की उपलब्धियों का सम्मान करना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बांसुरी स्वराज उपस्थित रहीं। अन्य विशिष्ट अतिथियों में एनडीएमसी सदस्य सरिता तोमर, जम्मू कश्मीर आयुक्त रश्मि सिंह (आईएएस), आरती उपाध्याय (उद्यमी/सामाजिक कार्यकर्ता) ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने मुख्य भाषण में कुलजीत सिंह चहल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके योगदान की सराहना की।

## वैज्ञानिक तरीके से बॉयो-मेडिकल वेस्ट की उचित छंटाई और निस्तारण की आवश्यकता : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वैज्ञानिक तरीके से बायो-मेडिकल कचरे के उचित छंटाई, संग्रहण और निस्तारण की आवश्यकता है ताकि स्वास्थ्य कर्मियों और पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके। यह बात शुक्रवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। गौरतलब है कि पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला का उद्घाटन किया।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जय प्रकाश, पुत्र बाबू लाल निवासी पीयू-22, ब्लॉक पीयू, पीतमपूरा, दिल्ली, मौर्य एन्कलेव, रामलीला मैदान के पास, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 315/2021 भा.द.सं. की धारा 188/269/270, थाना रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 315/2021 भा.द.सं. की धारा 188/269/270, थाना रानी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 08.04.2025 को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री वसुंधरा छौंकर**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, कोर्ट नं.101**
**उत्तर-पश्चिम, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/2598/OD/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) Cr.P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **भूप सिंह, पुत्रः स्वर्गीय ग्यानी राम, निवासीः परिसर एल.एच.एस. मकान नं. 180-बी-181, ब्लॉक–जी, गली नं. 8, प्रेम नगर, नजफगढ़, नई दिल्ली–110043** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **Ct. Cases No.732/2021 U/S 135, भारतीय विद्युत अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना छावला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **भूप सिंह** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **भूप सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **भूप सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**विनोद कुमार मीना**
**अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दक्षिण पश्चिम,**
**विद्युत अधिनियम विशेष न्यायालय,**
**द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली**

**DP/2831/DW/2025**

## यमुना बाढ़ के मैदानों को बहाल व पुनरुद्धार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है: उपराज्यपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यमुना के बाढ़ के मैदानों को बहाल करना और इसका पुनरुद्धार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रीन दिल्ली हमारी प्राथमिकता है और इस दिशा में मिशन मोड पर कार्य करने हेतु हर संभव प्रयास किए है और आगे भी करेंगे। डीडीए सहित अन्य संबंधित निकाय इसमें अपनी अहम भूमिका निभा रहे है। यह बातें दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अमृत जैव विविधता पार्क के उद्घाटन के अवसर पर कही। सक्सेना शुक्रवार को एनएच-24 यमुना बाढ़ के मैदान के किनारे नए अमृत जैव विविधता पार्क के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर एलजी सक्सेना के अलावा विधायक अभय वर्मा, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र, डीडीए उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। एलजी ने कहा कि यमुना बाढ़ के मैदान के किनारे नया अमृत जैव विविधता पार्क शहरी संरक्षण और सतत विकास हेतु एक और मील का पत्थर साबित होगा। इस बारे में डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अमृत जैव विविधता पार्क यमुना नदी के पूर्वी तट पर 90 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। डीडीए ने इस पार्क में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 14,500 पेड़, 18,000 झाड़ियाँ और लगभग 3.21 लाख रिवराइन ग्रास लगाई गई हैं। प्रकृति के साथ जनता के जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए, सीडब्ल्यूजी विलेज के पास एनएच-24 के किनारे दो पब्लिक इंटरफेस स्थापित किए गए हैं। डीडीए ने बताया कि यमुना बाढ़ क्षेत्र को बहाल करने की योजना के भाग के रूप में विकसित अमृत जैव विविधता पार्क यमुना नदी के पूर्वी तट पर 90 हेक्टेयर में फैला हुआ है। इससे पहले अविकसित क्षेत्र, जिसका उपयोग कृषि, नर्सरी और बस्तियों के लिए किया जाता था। इस स्थल की स्थलाकृति समतल है और इसका ढलान यमुना नदी से दूर है, जिससे छोटे जलग्रहण क्षेत्र बनते हैं, जो वार्षिक बाढ़ से पानी इकट्ठा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप यहां भीतर नाले भी बनते हैं। बाढ़ की संवेदनशीलता को देखते हुए, पार्क की भूदृश्य विशेषताओं को बरसाती जल के प्रबंधन, बाढ़ के जोखिम को कम करने और प्राकृतिक निस्पंदन के माध्यम से स्थानीय जल स्तर में सुधार करने के लिए रणनीतिक रूप से डिजाइन किया गया है। पार्क में बनाए गए 6 जलाशयों में 225 मिलियन लीटर पानी जमा करने की क्षमता है। पार्क में जैव विविधता को बहाल करने के प्रयासों के तहत, राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान द्वारा यहां नीम, कचनार, क्लस्टर अंजीर, पीपल, पिलखन, चिलबिल, सेनेगलिया कैटेचू, चंपाका, आम, महुआ, स्पेनिश चेरी, कैम, सफेद शहतूत, कदंब, जंगल जलेबी, कनक चंपा, आंवला, करंज, इलियोकार्पस गेनिट्रस, अशोक वृक्ष, जामुन, तुरही वृक्ष, इमली, टैमरिक्स, सागौन, अर्जुन, बहेड़ा, सिरिस, काला सिरिस, स्टार फल और मेडागास्कर बादाम सहित विभिन्न प्रजातियों के लगभग 14,500 पेड़ लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 18,000 झाड़ियाँ और लगभग 3.21 लाख रिवराइन ग्रास लगाई गई हैं, जिससे रिवराइन ग्रास समूह में संतुलन है। डीडीए के अनुसार यमुना नदी के पुनरुद्धार पर बड़े पैमाने पर काम किया है और इसके तट पर कई परियोजना विकसित की जा रही हैं, जिसमें असिता भी शामिल है, जो कभी अतिक्रमित भूमि थी और अब हरे-भरे सुंदर परिदृश्य में परिवर्तित हो गई है। इसके अलावा, बांसेरा-बैम्बू पार्क विकसित किया है- जो कभी सीएंडडी अपशिष्ट क्षेत्र था। यमुना के पश्चिमी तट पर, वासुदेव घाट विकसित किया गया था, जहाँ हर हफ्ते दो बार यमुना आरती होती है।



## खबर संक्षेप

### एमसीडी ने 428 पार्कों से 342 क्विंटल हटाया ठोस कचरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने विशेष सफाई अभियान के तहत 428 पार्कों से 342.33 क्विंटल ठोस कचरा हटाया। यह पहल पार्कों की स्वच्छता और सुंदरता को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई, ताकि दिल्लीवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। एमसीडी प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि निगम ने पार्कों के लिए यह विशेष सफाई अभियान पिछले सप्ताह प्रारंभ किया था जिसके अंतर्गत निगम के सभी 12 जोन के पार्कों से ठोस कचरा हटाया गया है और यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी। दिल्ली नगर निगम नागरिकों से अपील करता है कि वे MCD ‘311 ऐप’ पर अवैध कचरा फेंकने की घटनाओं की शिकायत करें, जिससे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिले।

### फिर करवट लेने जा रहा है मौसम, ठंडी हवाओं से मिलेगा छुटकारा

**नई दिल्ली।** कई दिनों बाद पुन मौसम करवट लेने जा रहा है। जिसके चलते दिल्ली वालों को अब ठंडी हवाओं से गिरते पारे से छुटकारा मिलेगा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार को मौसम में हुए बदलाव का असर अधिकतम पारे पर साफ देखा गया। गुरुवार की तुलना में अधिकतम पारा करीब 4 डिग्री बढ़ गया। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.1 डिग्री ज्यादा है। जबकि गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य तापमान से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज हुआ था। वहीं दूसरी तरफ न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को जहां न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.6 डिग्री सेल्सियस नीचे था।

### मुख्यमंत्री ने अशोक विहार के जन औषधि केंद्र का लिया जायजा

# पूरी दिल्ली में खोले जाएंगे जन औषधि केंद्र : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार दिल्ली में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को लागू करेगी साथ ही इसके तहत पूरी दिल्ली में जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को अशोक विहार स्थित जन औषधि केंद्र का दौरा करने के बाद दी। सीएम ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य दिल्ली के लोगों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को जन औषधि दिवस के अवसर पर हमने अशोक विहार में स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का दौरा कर, व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार के कारण दिल्ली में हम प्रधानमंत्री जन औषधि योजना को लागू नहीं कर पाए। लेकिन हमारी सरकार इस लाभकारी योजना को दिल्ली में लागू करेगी ताकि दिल्ली के लोगों को उच्चगुणवत्ता वाली दवाएं और चिकित्सा संबंधी वस्तुएं काफी कम कीमतों पर उपलब्ध कराई जा सके। सीएम रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए बताया कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का कार्यान्वयन सभी नागरिकों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुलभ बनाने और रोगियों पर वित्तीय बोझ को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर महिलाओं के लिए सेनेटरी नैपकिन मात्र एक रुपए में उपलब्ध है ताकि महिलाओं को एक स्वच्छ जीवन मिल सके। वहीं इस योजना से आम जनता, विशेष रूप से गरीब लोगों को लाभ मिलता है और कैंसर, शुगर जैसी बीमारियों की दवाइयां काफी कम कीमत में उपलब्ध होती है।

#### सरकारी अस्पताल के 500 मीटर के दायरे में स्थापित होगा जन औषधि केंद्र

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि हमारी सरकार दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशानुसार दिल्ली के सभी सरकारी अस्पताल के 500 मीटर के दायरे में कम से कम एक जन औषधि केंद्र स्थापित करेगी। ये जन औषधि केंद्र ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50-70 प्रतिशत कम कीमत पर जनता को डब्ल्यूएचओ प्रमाणित दवाइयां और चिकित्सा संबंधी वस्तुएं उपलब्ध कराती है। बहुत सारी दवाइयां 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, वे ज़रूरत पड़ने पर आपातकालीन स्थिति में स्थानीय दवा खरीद की सुविधा देकर सरकारी अस्पतालों की सहायता भी करेंगे।

## नेवा से 100 दिनों में पेपरलेस होगी विधानसभा : विजेंद्र गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की विधानसभा को नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) के माध्यम से 100 दिनों में पेपरलेस किया जाएगा। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दी है।

इस बाबत शुक्रवार को अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने संसद कार्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की जिसमें दिल्ली विधानसभा में नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) को लागू करने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर नेवा टीम का नेतृत्व अतिरिक्त सचिव एवं मिशन लीडर डॉ. सत्य प्रकाश ने किया। बैठक के दौरान नेवा टीम ने एप्लिकेशन की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। नेवा एक एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में कार्य करेगा जो सभी विधायी कार्यों को कागज रहित और डिजिटल रूप से संपन्न बनाएगा। इसके अंतर्गत सूचनाओं का प्रस्तुतिकरण, मंत्रियां के उत्तर, विधायी कार्यवाही, चर्चाएं, समिति रिपोर्ट, और डिजिटल लाइब्रेरी तक पहुंच जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल एक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी विधायी प्रणाली की दिशा में एक बड़ा कदम है।

विजेंद्र गुप्ता ने इसके 100 दिनों के भीतर सफल क्रियान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन इंडिया, वन एप्लिकेशन दृष्टिकोण को दोहराते हुए कहा कि सभी विधानसभाओं में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिससे कार्यों की सुगमता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले प्रशासन की उदासीनता और निजी परामर्शदाताओं तथा विक्रेताओं से जुड़ी असफलताओं के कारण ई-विधान परियोजना पिछले एक दशक से लंबित थी। लेकिन अब, दिल्ली विधानसभा पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस परियोजना को तेजी से पूरा करने की दिशा में अग्रसर है।

## अवैध स्पा, ओयो होटल एवं रेस्टोरेंट के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- उप स्वास्थ्य अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

दिल्लीवासियों की शिकायत पर अवैध स्पा, ओयो होटल एवं रेस्टोरेंट के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली नगर निगम (महापौर) महेश कुमार ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय में दिल्ली में अवैध रूप से चल रहे स्पा, रेस्टोरेंट एवं ओयो होटल के मुद्दे पर एक प्रेस वार्ता में यह बाते कही। उन्होंने कहा कि कल, गुरूवार को अवैध स्पा रेस्टोरेंट एवं ओयो होटल के मुद्दे पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी 12 जोनों के उप स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई थी जिसमें अवैध रूप से चल रहे उपरोक्त प्रतिष्ठानों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सभी अधिकारियों से दो से तीन दिन के अंदर अवैध रूप से चल रहे स्पा, ओयो होटल एवं रेस्टोरेंट की सूची देने के बारे में भी निर्देश दिए गए हैं। प्रेस वार्ता में उप महापौर रविन्द्र भारद्वाज एवं नेता सदन मुकेश गोयल भी उपस्थित रहे। यहां महापौर महेश कुमार ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी सरकार दिल्लीवासियों की सेवा के लिए तत्पर है। महापौर ने कहा कि अवैध रूप से संचालित स्पा ओयो होटल एवं रेस्टोरेंट किसी भी प्रकार का लाइसेंस शुल्क निगम को नहीं देते हैं जिसके चलते निगम को राजस्व की हानि होती है। उन्होंने कहा कि हमने निगम के जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से ऐसे सभी प्रतिष्ठानों की जानकारी 2 से 3 दिनों के अंदर देने के लिए कहा है ताकि इन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

## 250 मोहल्ला क्लीनिक बंद करने जा रही भाजपा : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा 250 मोहल्ला क्लीनिक बंद करने जा रही है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स पर कहा कि दिल्ली चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने चेतावनी दी थी कि भाजपा जीत गई तो मोहल्ला क्लीनिक, स्कूल, फ्री बिजली, पानी व बस यात्रा सब बंद हो जाएंगे। लेकिन आज अरविंद केजरीवाल की बात सच निकल आई। भाजपा सरकार मोहल्ला क्लीनिक बंद करने जा रही है। यह तो बस शुरुआत है। देखते जाइए, जल्द ही फ्री बिजली, फ्री पानी, महिलाओं की फ्री बस यात्रा, फ्री शिक्षा सब बंद होगा। वहीं आप नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि भाजपा दिल्ली में एक भी मोहल्ला क्लीनिक बंद न करे, बल्कि ज्यादा से ज्यादा मोहल्ला क्लीनिक जल्द से जल्द खोले।






## खबर संक्षेप

### गैस पाइपलाइन में लगी आग, चार लोग झुलसे

**फरीदाबाद।** नीलम बाटा रोड पर अडाणी पीएनजी गैस पाइपलाइन में भीषण आग लग गई। हादसे में काम



कर रहे चार युवक नलराज, गोपाल, रवि और शैलेश झुलस गए। सभी घायलों को बादशाह खान सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल मजदूर शैलेश ने बताया कि वे पाइपलाइन पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। सब इंस्पेक्टर श्याम सिंह के मुताबिक, सुरक्षा के लिए बिजली की सप्लाई तत्काल काट दी गई।

### ऑटो चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने ऑटो की



चोरी के मामले में आरोपी शाकिर उर्फ साहिल को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी सेक्टर-19 में 5 मार्च 2025 को शाहिद निवासी पर्वतीय कॉलोनी ने दी, अपनी शिकायत में बताया कि उसने अपना ऑटो मोनू नाम के व्यक्ति को किराए पर दे रखा था। मोनू ऑटो को बड़खल मोड़ पर खड़ा करके शौच के लिए नीचे झाड़ियों में चला गया था वापिस आकर देखा तो वहां ऑटो नहीं मिला।

### अवैध हथियार के फोटो डालने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी सन्नी मावी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया के क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने आरोपी



सन्नी मावी निवासी गांव डूंगरपुर को गांव से काबू किया है। आरोपी ने अपना अवैध हथियार के साथ एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया था, आरोपी से एक देशी कट्टा को बरामद करवाया है वह देसी कट्टा दिल्ली से किसी अंजान व्यक्ति से 10 हजार रुपए में खरीद कर लाया था आरोपी पर पहले भी आम्र्स एक्ट के 3 मुकदमे दिल्ली में दर्ज है जिसके खिलाफ थाना भुपानी फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओ में मामला दर्ज किया गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**गाजियाबाद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के। तत्वावधान में



राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। जिसमें विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण के लिए रखा जायेगा। न्यायालय स्तरीय, क्रिमिनल मामले, ई-ट्रैफिक चालान, प्रशासन स्तरीय, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाट तथा माप विभाग, नगर पंचायत, बैंक, पुलिस विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड जिला पूर्ति अधिकारी, नगर निगम गाजियाबाद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण स्तरीय वादों का निस्तारण किया जाएगा।

# निगम बोर्ड की बैठक में बवाग कंपनी की कार्यशैली को लेकर भड़के पार्षद, हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम सदन की शुक्रवार को संपन्न हुई बैठक हंगामेदार रही। बैठक में ज्यादातर पार्षदों के द्वारा सदन के समक्ष प्रस्तुत किए जा रहे साल 2024-25 के पुनरीक्षित बजट के देरी से प्रस्तुत करने एवं आंकड़ों को लेकर अधिकारियों से तीखी बहस हुई। पार्षदों ने तर्क दिया कि जो पुनरीक्षित बजट प्रस्तुत किया जा रहा है, उसमें तमाम तरह की विसंगतियां है। बैठक के दौरान ज्यादातर पार्षदों के द्वारा निगम सीमा क्षेत्र में सीवरेज के रखरखाव की व्यवस्था देख रही बवाग कंपनी की कार्य शैली पर सवाल खड़े किए गए। साथ भी महापौर से नगर आयुक्त व पार्षद भी इस कंपनी की कार्यशैली से नाराज दिखे।

**खास बातें**

- आयुक्त व पार्षद भी कंपनी की कार्यशैली से नाराज दिखे
- पार्षदों ने बजट के आंकड़ों को लेकर अधिकारियों को घेरा

**टैक्स की ऐतिहासिक वसूली की गई**

### पुनरक्षित बजट को लेकर खूब हुई बहस



नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने पार्षदों के सवालों का जवाब दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि पहले शासन से अनेक ग्रांट के तौर पर 300 से 400 करोड़ रुपए प्राप्त हो जाया करते थे, लेकिन अब दूर तक ऐसा कुछ भी नहीं है। केवल टैक्स कलेक्शन पर निगम निर्भर है। लेकिन उनके अथक प्रयास से शासन से 1100 से 1200 करोड़ लागत के अनेक प्रोजेक्ट प्राप्त करने में निगम कामयाब रहा है। जिनमे करीब 500 करोड़ रुपए तो केवल सीएम ग्रिड के लिए लाए गए। स्पोर्ट प्लाजा और निगम के नए कार्यालय के निर्माण के लिए भी कई सौ करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट लाने में सफलता मिली । आज तूने कहा कि चिड़िया से भी नगर निगम को इंदिरापुरम स्थानांतरण में 110 करोड़ रुपए की धनराशि मिली और 40 करोड़ और मिलने वाली है और वहां के विकास के लिए 390 करोड़ रुपए की टेंडर जानी हो चुके हैं ।



*मलिक ने बताया कि यहां तक कि लखनऊ के कोटा को भी गाजियाबाद में लाने में कामयाबी हासिल की है। ज्यादातर पार्षदों के द्वारा निगम सीमा क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था देख रही बवाग कंपनी की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े किए। जिस पर नगर आयुक्त ने कहा कि पहले केवल टैक्स से 6 करोड़ रुपए की आमदनी थी जबकि अब कार्यशैली में परिवर्तन करते हुए टैक्स की भारी एतिहासिक वसूली की गई है और यह टारगेट करीब 500 करोड़ रुपए के आसपास पहुंचने वाला है।*

### मार्च माह में महापौर दयाल की अध्यक्षता में हुई बैठक पर सवाल

नवयुग मार्केट स्थित नगर निगम मुख्यालय में महापौर की सुनीता दयाल की अध्यक्षता में बैठक वंदेमातरम के साथ शुरू हुई। बैठक की शुरुआत के दौरान निगम अधिकारियों के ने साल 2024-25 के पुनरीक्षित बजट पर चर्चा आरंभ की ही थीं कि पार्षदों ने बजट के आंकड़ों को लेकर अधिकारियों को घेरा। पार्षदों का तर्क था कि पुनरीक्षित बजट पर सर्वप्रथम निगम कार्यकारिणी की बैठक में चर्चा के बाद अक्टूबर माह के दौरान बैठक आयोजित करते हुए उस पर चर्चा की जानी थीं। वैसे भी मार्च माह चल रहा है। इस बैठक में पुनरीक्षित बजट पर चर्चा किए जाने का दूर तक भी अर्थ नहीं है। कुछ पार्षदों ने कहा कि तत्कालीन नगर आयुक्त अब्दुल समद के कार्यकाल के दौरान भी वार्डों में एक एक करोड लागत के विकास के कार्य होते थे,लेकिन पिछले कुछ समय से बजट में कटौती हो रही है।

## महिलाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति नगर निगम ने किया जागरुक

# स्वच्छता अभियान में महिलाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के सभागार में शुक्रवार को महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इस तरह के अभियान महिलाओं को न केवल स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व को समझाने में सहायक होते हैं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने में भी मदद करते हैं महिलाओं की भागीदारी स्वच्छता अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे अपने परिवार और समाज में स्वच्छता की आदतें विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाती है।

**खास बातें**

- गीला, सुखा कचरे का अलग-अलग अलगाव के बारे में बताया
- कैंप में महिलाओं को सैनिटरी पैड्स का वितरण किया गया
- स्वच्छता की आदतें विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाती है

### प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें



इस कैंप में महिलाओं को सैनिटरी पैड्स का वितरण किया गया और कचरे का पृथक्करण गीला, सुखा कचरे का अलग-अलग अलगाव के बारे में बताया गया। महिलाओं को जानकारी दी गई कि प्लास्टिक का कम से कम उपयोग और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपनी भागीदारी जैसे विषयों पर महिलाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर निगम के टेक्निकल एडवाइजर अनिल मेहता, एक्सपर्ट स्वच्छ भारत मिशन कल्पना सिंह मंडल, जेई अंकित गोयल, सफाई मुख्यालय से बिशन तेवतिया द्वारका प्रसाद भी उपस्थित रहे।

## ननि चुनाव के लिए जिले में बनाए गए 7 मतगणना केंद्रः जिला निर्वाचन अधिकारी

### आगामी 12 मार्च को होगी मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद चुनाव के मद्देनजर रविवार को जिला प्रशासन द्वारा की गई योजनाबद्ध व्यवस्था के फलस्वरूप मतदान प्रक्रिया शांतिप्रिय ढंग से संपन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया की वार्ड मेंबर के लिए 221 और मेयर पद के लिए 6 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा है। आगामी 12 मार्च हो नगर निगम चुनाव के वोटो की गिनती के लिए जिला में विभिन्न स्थानों पर 7 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वार्ड नंबर 21, 22, 23, 24 और 29 के लिए एआरओ एवं एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद के नेतृत्व में मतदान की गिनती कम्युनिटी सेंटर एसजीएम नगर फरीदाबाद में, वार्ड नंबर 25, 26, 27, 28 और 30 के लिए एआरओ एवं ईओ एचएसवीपी नवीन कुमार के नेतृत्व में मतदान की गिनती कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-28 में, वार्ड नंबर-14, 36, 37, 38 और 39 के लिए एआरओ एवं एसडीएम फरीदाबाद शिखा के नेतृत्व में मतदान की गिनती सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में, वार्ड नंबर 31, 32, 33, 34 और 35 के लिए एआरओ एवं एसटीपी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग देवेंद्र के नेतृत्व में मतदान की गिनती सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में, वार्ड नंबर 40, 42, 43, 44 और 45 के लिए एआरओ एवं डिप्टी सीईओ जिला परिषद प्रमेन्दर के नेतृत्व में मतदान की गिनती सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल में, वार्ड नंबर 16, 17, 18, 19 और 20 के लिए एआरओ एवं डीआरओ सुशील शर्मा के नेतृत्व में मतदान की गिनती सेक्टर.14 स्थित डीएवी स्कूल में, वार्ड नंबर 5, 6, 7, 08 और 09 के लिए एआरओ एवं संयुक्त सीईओ एफएमडी, भारत भूषण के नेतृत्व में मतदान की गिनती एनआईटी-3 स्थित डीएवी सेंटेनरी कॉलेज में, वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4, 41 और 46 के लिए एआरओ एवं एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज के नेतृत्व में मतदान की गिनती बल्लभगढ़ सेक्टर-2 स्थित श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय बालिका महाविद्यालय में, वार्ड नंबर 10, 11, 12, 13 और 15 के लिए एआरओ एवं अतिरिक्त सीईओ एफएमडीए गौरी मिड्ढा के नेतृत्व में मतदान की गिनती के एल मेहता कॉलेज फॉर वूमन, एनआईटी फरीदाबाद में होगी।

### पत्रकार वार्ता में बोले कांग्रेस नेता कौशिक

## पार्टी द्वारा किया गया मेरा निष्कासन गलत, पहले दिया जाना था 'नोटिस'




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कांग्रेस नेता विजय कौशिक ने कहा है कि वह आज भी कांग्रेसी है। जहां तक बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान द्वारा पिछले दिनों सोशल मीडिया पर उनके निष्कासन की बात है तो उन्होंने इसको लेकर प्रदेशाध्यक्ष से बातचीत की है कि निष्कासन से पहले उन्हें नोटिस देना चाहिए था कि उनकी क्या गलती है जिसके कारण उन्हें पार्टी से निष्कासित किया गया है। उन्हें पहले मुझे कारण बताओ नोटिस जारी करना चाहिए था। मैं उसक जवाब देता। मेरा जवाब मिलने के बाद ही कोई कार्यवाही करनी चाहिए थी।

कौशिक शुक्रवार को ओल्ड फरीदाबाद स्थित अपने कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

कांग्रेस नेता विजय कौशिक ने कहा कि जब देश भर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हों उस परिस्थिति में कांग्रेस के संविधान की अवहेलना करके सोशल मीडिया पर छह वर्ष के लिए निष्कासित करने का फरमान कांग्रेस से मिले मूलभूत अधिकारों के तहत कतई भी मान्य नहीं है।

कौशिक ने कहा कि वह पुराने कांग्रेसी हैं और पार्टी हाईकमान के आशीर्वाद से उन्हें राष्ट्रीय चैनलों पर अपनी बात रखने का मौका मिलता रहतो है और देश के विभिन्न राज्यों में कांग्रेस पार्टी के लिए काम करने का मौका मिला है, इसलिए वह कोई ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे पार्टी की प्रतिष्ठा पर अथवा पार्टी नेताओं की प्रतिष्ठा पर कोई आंच आए।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. नेहाल पुत्र बरकत उल्लाह निवासी ए–113, हरि एन्क्लेव, सुलेमान नगर, किरारी, दिल्ली** ने **FIR No. 786/20, U/S 283 IPC, अन्तर्गत थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. नेहाल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. नेहाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 786/20, U/S 283 IPC, अन्तर्गत थाना राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. नेहाल,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नंबर 107, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2773/OD/2025 (Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो0 सब्बीर पुत्र** मो0 सलीम, **निवासी** 1915 ई–ब्लॉक, जे.जे. कॉलोनी बवाना, दिल्ली ने **FIR. No. 51/19 U/S 379/34 IPC थानाः** पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो0 सब्बीर** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो0 सब्बीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 51/19 U/S 379/34 IPC, थानाः** पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मो0 सब्बीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**तानिया सिंह**
**ऐसीजेएम-02, कमरा नं. 296 अ**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2866/RLY/2025**
**(Court Matter)**

### आरोपी से 1 तमंचा, कारतूस, मोबाइल बरामद

## शातिर चेन लुटेरा सोनू बाल्मीकि देर रात पुलिस मुठभेड़ में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने गुरुवार की रात में मुठभेड़ के दौरान दिल्ली एनसीआर में सक्रिय शातिर स्नैचर को उस समय गिरफ्तार किया है, जब पुलिस उसे बरामदगी के लिए ले जा रही



थी। लुटेरे के पैर में गोली लगी है और वह लंगड़ा हो गया है। उसके कब्जे से कब्जे से 1 तमंचा, 1 खोखा कारतूस, एक लूटा गया मोबाइल फोन व स्नेचिंग की गई चैन को बेचकर प्राप्त 3400 रुपए बरामद हुए है। लुटेरा शाहपुर मुरादनगर निवासी सोनू उर्फ सोनी वाल्मीकि उर्फ सोनू शाहपुरिया। है। एसीपी स्वतन्त्र कुमार ने बताया कि थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने चौकी क्षेत्र सेक्टर 23 में महिला से जीआर फार्म हाउस के पास से चैन स्नैचिंग करने, चौकी क्षेत्र मधुबन बापूधाम से 21 जनवरी को मटियाला कट से मोबाइल लूट करने तथा थाना सिहानी गेट में एक महिला से ग्रान्ड पेन्टल बैन्कट के पास से चैन स्नैचिंग करने वाले सोनू उर्फ सोनी वाल्मीकि उर्फ सोनू शाहपुरिया को मैनापुर रोड से गिरफ्तार किया था। आरोपी के बताये गए स्थान पर ले जाने के छिपा रखे तमंचे से पुलिस पार्टी पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया ।

### गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में किया खुलासा

## किराए पर रह रही प्रेमिका के पति को मकान मालिक ने पत्थर से सिर कुचलकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक मकान मालिक ने अपनी प्रेमिका के पति का पत्थर से सिर कुचल कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्याकांड को अंजाम देने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त रक्त रंजित पत्थर बरामद कर लिया है।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना इंदिरापुरम पर लोकप्रिय विहार खोड़ा कॉलोनी निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति मुहम्मद जलाल की किसी अज्ञात व्यक्ति ने ग्रीन पार्क प्रथम इंदिरापुरम मे हत्या कर दी। घटना के अनावरण हेतु



पुलिस टीम घटित की गई। जिनके अथक प्रयासों से तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर व घटनास्थल व आसपास तथा अन्य प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर हत्या की घटना को अंजाम देने वाले मुहम्मद इबादत उर्फ इब्बे लोकप्रिय विहार खोड़ा कॉलोनी नूरानी मस्जिद के पास को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार इबादत उर्फ इब्बे ने जलाल की हत्या के संबंध में बताया कि जलाल करीब 08 माह से अपनी पत्नी सहित मेरे मकान मे किराए पर रह रहा था। मेरा मृतक की पत्नी से प्रेम संबंध हो गए। जिसकी जानकारी मृतक को हो गई थी और मृतक की पत्नी ने मुझसे बातचीत करना बंद कर दिया था। मेरे द्वारा कुछ दिन पूर्व अपने मकान का किराया मांगने पर भी जलाल ने मेरे साथ अपमानजनक भाषा व इशारे का प्रयोग किया था। मैंने जलाल को रास्ते से हटाने का मन बना लिया था और 5 मार्च को पान खिलाने के बहाने घर से ले जाकर जलाल को घटनास्थल पर बैठाकर शराब पिलाकर मौका देखकर पीछे से पत्थर से उसके सर पर वार कर उसकी हत्या कर दी थी।

# 2 माह में यातायात पुलिस ने काटे 1,33,521 चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यातायात पुलिस टीम ने नो-इंट्री, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, खतरनाक ड्राइविंग, ओवर स्पीड, ड्रिंक एड़ ड्राइव, रॉंग साइड, लाइन चेंज, रॉंग पार्किंग, बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, ब्लैक फिल्म, रेड एंड ब्लू लाइट, प्रेशर हॉर्न और बिना नंबर प्लेट सहित कुल 1,33,521 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ गत दो माह में विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत यातायात पुलिस द्वारा 1,33,521 वाहन चालको के चालान



**नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध की कार्रवाई**

का टे हैं। बिना हेलमेट 38106, रॉंग पार्किंग 29969, रॉंग साइड 11469, ओवर स्पीड 7723, बिना नंबर प्लेट के 7018, ट्रिपल राइडिंग 2728, खतरनाक ड्राइविंग 2624, नो इंट्री के 4491, ब्लैक फिल्म 1560, ड्रिंक एड़ ड्राइव 1177, वाहन चालाते समय मोबाइल का प्रयोग करना 384, प्रेशर हॉर्न 293, लाइन चेंज 148 और रेड एंड ब्लू लाइट 76 चालान काटे गए हैं। वर्ष 2024 में इस दौरान कुल 47903 वाहन चालकों के चालान किए गए थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत वाहन चालकों के चालान कर 1,07,32,704 रुपए जुर्माना जमा कराया है।

इसके साथ-साथ वाहन चालकों को जागरूक भी किया जा रहा है कि वह अपनी लाइन में ड्राइव करें, नो एंट्री में प्रवेश न करें, दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के यात्रा न करे, गलत दिशा में वाहन न चलाएं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | ग्रुप-बी औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को औषधि की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 06.03.2025 27.03.2025 | 4.07 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार फ्लूरोस्कोपी सहित डिजिटल रेडियोग्राफी की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.03.2025 27.03.2025 | 5 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप आधार पर हरियाणा के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसीएस) में अल्ट्रासाउंड कलर डोपलर मशीनों के विकास, प्रचालन व रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.03.2025 26.03.2025 | 21.75 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्ष के लिए दर अनुबंध पर पैक्ड रेड ब्लड सैल हेतु ल्यूको-रिडक्शन फिल्टर बैड साइड की आपूर्ति, स्थापना व प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.03.2025 27.03.2025 | 1.39 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 5 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप आधार पर हरियाणा के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसीएस) में अल्ट्रासाउंड कलर डोपलर मशीनों के विकास, प्रचालन व रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.03.2025 26.03.2025 | 6 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 6 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार डेस्कटॉप कम्प्यूटर्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.03.2025 27.03.2025 | 11.40 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद–13/2025/120/32671/I/88/7 दि. 07.03.25

खबर संक्षेप

## कांग्रेस के गढ़ अमेठी में बनेगा संघ कार्यालय



**अमेठी।** जिला मुख्यालय गौरीगंज में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नए कार्यालय का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। साढ़े पांच बिसवा भूमि पर बनने वाले इस कार्यालय का निर्माण भाजपा नेताओं और संघ कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए चंदे से किया जाएगा।भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक, एमएलसी, जनप्रतिनिधि, संघ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

# यूपी में विधवाएं बनाने जा रहीं अनूठा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

योगी सरकार होली पर जमाएगी कुछ खास रंग

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उल्लास-उमंग और रंगों का पर्व होली इस बार वृंदावन में एक अलग आभा में सराबोर दिखेगा। योगी सरकार की पहल पर यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। सब कुछ सही रहा तो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में यह दर्ज होगा। मथुरा-वृंदावन की होली तो वैसे भी विश्व प्रसिद्ध है। मगर इस बार यहां की होली केवल आनंद ही नहीं सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक समरसता एवं सामाजिक परिवर्तन के सम्मानित क्षण बनकर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने जा रही है।सरकार की तरफ से इसके बारे में कहा गया है कि योगी सरकार के प्रयासों से यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाएंगी। वृंदावन के सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग होली पर 'विधवाओं की होली-2025' के तौर पर एक भव्य आयोजन कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगा।

▶▶ मथुरा-वृंदावन की होली विश्व प्रसिद्ध है। मगर इस बार यहां की होली केवल आनंद ही नहीं सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक समरसता एवं सामाजिक परिवर्तन के सम्मानित क्षण बनकर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने जा रही है।



### भक्ति गीत जैसी प्रस्तुतियां भी होंगी

हर साल वृंदावन के विभिन्न आश्रमों से हजारों विधवाएं होली पर खुद को जीवंत रंगों, संगीत और भक्ति में सराबोर कर लेती हैं। योजना के अनुसार, इस समारोह में पारंपरिक लोक गायन, लोक नृत्य, भक्ति गीत जैसी प्रस्तुतियां भी होंगी। आयोजन में ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल होगा तथा इसमें अंतर्राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों, मीडिया तथा भक्तों की भागीदारी होगी। इस आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए एक विशिष्ट टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। इससे उन्हें विभिन्न पहलुओं की विवेचना समेत प्रमाणन प्रक्रिया को पूरा करने में भी आसानी होगी।

### विधवाओं की बेरंग जिंदगी में खुशियों का रंग घोलने का प्रयास

कहा गया है कि इस बार होली का त्योहार न केवल विधवाओं की बेरंग जिंदगी में खुशियों का रंग घोलने का माध्यम बनेगा बल्कि इतिहास व विश्व रिकॉर्ड में दर्ज होने के साथ ही समाज में सशक्त संदेश देने का माध्यम भी बनेगा। 'विधवाओं की होली' एक अनूठा सांस्कृतिक उत्सव है। परंपरागत रूप से, भारत में विधवाओं से होली जैसे त्योहारों सहित संसारिक सुखों को त्यागने की अपेक्षा की जाती थी, लेकिन भगवान कृष्ण के दिव्य प्रेम से जुड़े शहर वृंदावन में यह एक क्रांतिकारी बदलाव के तौर पर देखा जाता है।

## पेज एक का शेष

### हिंदू अल्पसंख्यकों पर ...

की सुरक्षा की जिम्मेदारी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की है। हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश बिना किसी भेदभाव के मामलों की व्यापक रूप से जांच कर हत्या, हिंसा के दोषियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करेगा।

### एक सुरक्षित, स्थिर...

है। बैठक में दोनों पक्षों ने संधि से जुड़े तमाम मुद्दों पर चर्चा की। इसमें नदी में पानी का बहाव, आपसी हितों के मुद्दे शामिल रहे।

### अमेरिका से साझा ...

पर आने वाले समय में जरूरी निर्देश प्राप्त होगा। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा में भी दोनों देशों ने मल्टी सेक्टर साझा लाभ पर आधारित द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने की इच्छा जताई थी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका यात्रा में अपने समकक्ष से मुलाकात की। दोनों सरकारें इस दिशा में आगे बढ़ने पर विचार कर रही हैं। टैरिफ के मामले पर मैं पीएम की यात्रा में जारी किए गए संयुक्त बयान का जिक्र करना चाहूंगा। जिसमें कहा गया था कि इसका उद्देश्य भारत, अमेरिका के बीच गुड्स एंड सर्विसेज पर आधारित व्यापार को बढ़ाना, बाजारों तक पहुंच आसान करना व अन्य बाधाओं को दूर कर एकीकृत सप्लाई चेन को मजबूती प्रदान करना है। गाजा के पुनर्निर्माण में मदद देने के मामले पर जायसवाल ने कहा कि फिलिस्तीन के साथ हमारे विकास आधारित संबंध रहे हैं। बीते सालों में हमने उन्हें 160 मिलियन डॉलर की मदद प्रदान की है। अभी भी वहां हमारी 40 मिलियन डॉलर की परियोजनाएं चल रही हैं। लड़ाई के बाद हमने उन्हें 65 मिलियन की सहायता दी है। आगे भी भारत की मदद जारी रहेगी।

### इजरायल में 10 ...

उधर, इजरायल में मौजूद भारतीय दूतावास अपने नागरिकों के हितों की सुरक्षा व कल्याण के लिए इजरायल से संपर्क में बना हुआ है। वहां इनका पूरी तरह से ध्यान रखा जा रहा है। जैसे ही इस मामले में जांच पूरी हो जाएगी। उसके बाद मंत्रालय मीडिया से अपने नागरिकों के संबंध में जानकारी साझा करेगा। **दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा ब्रिटेनः** जायसवाल ने कहा, ब्रिटेन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की यात्रा में उनके सुरक्षा घेरे में हुई चूक के मामले पर हमने ब्रिटेन के अधिकारियों के समक्ष मामले पर गंभीर चिंता जताई है। इसके पीछे अलगाववादी, उग्रवादी लोगों का हाथ है। इस घटना के पीछे एक संदर्भ है, जिसे समझना बहुत जरूरी है। साथ ही इससे यह स्पष्ट होता है कि ब्रिटेन में जो अलगाववादी रह रहे हैं। उन्हें एक प्रकार से वहां पर डराने, धमकाने की तमाम गतिविधियां करने का लाइसेंस मिला हुआ है या दे दिया गया है। वहां के लोग भी इनकी हरकतों को गंभीरता से नहीं लेते हैं और तमाम कारणों की वजह से उन्हें अनदेखा भी करते हैं। मामले पर ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी किया है। जिसे हमने देखा है। लेकिन अपने कथन पर वो कितना विश्वास करते हैं, इसका पता तभी चलेगा जब ब्रिटेन द्वारा उक्त घटनाओं में दोषी लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी।

**मास्को जाएंगे विदेश सचिवः** जायवाल ने कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री रूस के साथ विदेश कार्यालय मंत्रणा बैठक में भाग लेने के लिए रूस की यात्रा करेंगे। इस दौरान उनकी दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए सभी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसमें राजनीतिक, आर्थिक और रक्षा भागीदारी शामिल है। मास्को में यह बैठक होगी। विदेश कार्यालय मंत्रणा दोनों देशों के बीच होने वाली एक नियमित बैठक है। पिछली बैठक नवंबर 2023 में नई दिल्ली में हुई थी।

### रूस से 248 मिलियन..

कि यह इंजन पूरी तरह से तैयार और असेंबल किए जाने की अर्ध-अवस्था में होंगे। समझौते में रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए तकनीक के हस्तांतरण के तहत इंजनों को जोड़ने और बाद में लाइसेंस प्राप्त उत्पादन के लिए रोसोबोरानएक्सपोर्ट से चेन्नई के अवाडी स्थित आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण भी शामिल है। टी-72 सेना का एक मुख्य टैंक है। जो अभी 780 एचपी इंजन से संचालित है। इन्हें मौजूदा समझौते के जरिए 1 हजार एचपी इंजन से लैस किया जाएगा।

### पंचायती राज मंत्रालय ...

1,200 महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने इसे देखा। फिल्म की कहानी एक महिला ग्राम प्रधान के नेतृत्व को दर्शाती है, जो अपने गांव के विकास के लिए ठोस फैसले लेती है।

### दो और फिल्में ...

आर्थिक स्वतंत्रता के महत्व को समझाएगी। इन आगामी प्रस्तुतियों में दुर्गेश कुमार और बुल्लू कुमार जैसे कलाकार भी शामिल होंगे, जो मंत्रालय के मिशन को बढ़ाने में मदद करेंगे।

### 'भाड़े के हत्यारों' ...

सामना करना पड़ रहा है, तो वह सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च पदों पर बैठे भ्रष्ट तत्वों से है। ऐतिहासिक समानताएं दर्शाते हुए शीर्ष अदालत ने ब्रिटिश राजनेता एडमंड बर्क के शब्दों का हवाला दिया, सामान्य रूप से भ्रष्ट लोगों के बीच, स्वतंत्रता लंबे समय तक नहीं टिक सकती, और इस बात पर दुख जताया कि भ्रष्टाचार अपने सुप्रलेखित परिणामों के बावजूद अनियंत्रित बना हुआ है।पीठ ने ये सख्त टिप्पणियां पंजाब सरकार में ऑडिट इंस्पेक्टर देविंदर कुमार बंसल की अग्रिम जमानत खारिज करते हुए कीं। बंसल पर एक ग्राम पंचायत द्वारा किए गए विकास कार्यों के ऑडिट के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है।

**जो दलालों के माध्यम से मूल्वान चीजें लेते हैं वे भी दंडनीयः** पीठ ने आगे स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए रिश्वत का वास्तविक आदान-प्रदान आवश्यक नहीं है। फैसले में कहा गया है कि वे सरकारी कर्मचारी जो सीधे तौर पर रिश्वत नहीं लेते हैं, बल्कि बिचौलियों या दलालों के माध्यम से लेते हैं, और वे लोग जो उन लोगों से मूल्यवान चीजें स्वीकार करते हैं जिनके साथ उनका आधिकारिक लेन-देन है या होने की संभावना है, वे भी दंडनीय हैं।

### अभियुक्त की ...

सार्वजनिक न्याय के उद्देश्य को पराजित कर सकती है। साथ ही कहा कि यदि किसी अभियुक्त को स्वतंत्रता से वंचित करने से भ्रष्टाचार मुक्त समाज सुनिश्चित होता है, तो अदालतों को ऐसी स्वतंत्रता से इनकार करने में संकोच नहीं करना चाहिए। उनकी याचिका को खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि निर्दोषता की धारणा एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है, लेकिन अग्रिम जमानत देने के लिए यह एकमात्र आधार नहीं हो सकता। इसने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में शासन में जनता का भरोसा बनाए रखने की जरूरत व्यक्तिगत स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है।

### भ्रष्टाचार को अक्सर...

कारण आर्थिक अशांति और जनता का विश्वास टूटता है। पीठ ने कहा कि यदि भ्रष्टाचार के बारे में जो कुछ भी आम धारणा है उसका एक अंश भी सच है, तो यह सच से बहुत दूर नहीं होगा कि उच्च पदस्थ लोगों द्वारा दंड से मुक्त होकर किए जा रहे व्यापक भ्रष्टाचार के कारण ही इस देश में आर्थिक अशांति पैदा हुई है।

## कौशांबी जेल की सेपरेट सेल में रहेगा आतंकी



**कौशांबी।** कौशांबी जिले के कोखराज थाना इलाके से बब्बर खालसा के आतंकी लजर मसीह की गिरफ्तारी के बाद रिमांड को लेकर उत्तर प्रदेश व पंजाब पुलिस के बीच खींचतान लगी रही। पंजाब पुलिस ने आतंकी को ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने खारिज कर दिया। आतंकी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया, जहा इसे सेपरेट सेल में रखा गया है।

## अब्बास को सुप्रीम कोर्ट से राहत, अंतरिम जमानत



**लखनऊ।** मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर के मामले में अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने अब्बास अंसारी को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास में रहने का निर्देश दिया है और कहा कि उन्हें मऊ में अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से पहले प्राधिकारियों से पूर्व अनुमति लेनी होगी। इसके साथ ही अदालत की बिना अनुमति के उत्तर प्रदेश नहीं छोड़ सकेंगे।

## नफरत के बीज बोना बंद करें शिक्षा व रोजगार पर ध्यान दें: ओपी राजभर

**बलिया।** यूपी के पंचायती राज मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को मुस्लिम नेताओं से नफरत फैलाना बंद करने और इसके बजाय शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सद्भाव के माध्यम से अपने समुदाय के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। राजभर ने इस दौरान सपा पर भी निशाना साधा। समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी की मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली हालिया टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए राजभर ने कहा, मुस्लिम नेताओं को नफरत के बीज बोना बंद कर देना चाहिए।'







गाय सीढ़ियां चढ़ तो सकती है, लेकिन उसे उतरने में काफी परेशानी होती है।



चींटी एक ऐसा जीव है जिसके पास फेफड़े नहीं होते इसीलिए वह सो नहीं सकती है।



# चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर का पद शानदार, बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है।

## काफी ज्यादा मांग

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। यहां मुख्य अधिकारी कंपनी के अंतर्गत सभी तरह के तकनीकी संसाधनों का प्रबंधन करता है उसका मूल्यांकन करता है तथा कंपनी का राजस्व अधिक बढ़ाने के लिए जरूरी हर तरह के टेक्नोलॉजी से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराता है और उन पर अपनी निगरानी में तथा अपनी जिम्मेदारी से काम करके कंपनी को मदद पहुंचाता है। कंपनी के लिए उपयुक्त तथा उपयोगी हर तरह की टेक्नोलॉजी का लेखा जोखा और उसकी देखरेख मुख्य अधिकारी के अंतर्गत आती है। टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी को आसान तरीके से चलाने का कार्य भी मुख्य तकनीकी अधिकारी का होता है।

## करने होते ये काम

- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर अपनी सूझबूझ से कंपनी के कार्य को अच्छी तरह से फैलाता है तथा कंपनी के मुख्य अधिकारियों को कंपनी को विकसित करने तथा अधिक मुनाफा प्राप्त करने में टेक्नोलॉजी के जरिए मदद करता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर अपनी जिम्मेदारी से कंपनी के अंतर्गत होने वाले टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्य को संपन्न करवाता है और टेक्नोलॉजी के सेक्टर से संबंधित कंपनी को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर कंपनी के अंतर्गत होने वाले सभी टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्यों की रिपोर्ट कंपनी के मुख्य अधिकारियों को समय-समय पर सौंपता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपनी सूझबूझ से आईटी परियोजनाओं को मार्केट में पहुंचाने का कार्य करता है।
- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर कंपनी का सभी महत्वपूर्ण और जरूरी डाटा सुरक्षित रखता है।
- कंपनी के लिए जरूरी डाटा को सुरक्षित रखकर उसका प्रबंध करता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपने अनुभव के आधार पर टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी और ग्राहक के बीच बेहतरीन संबंध स्थापित करता है।
- तकनीकी के नए-नए तरीकों से कंपनी के द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्या का निवारण किया जाता है।
- तकनीकी की मदद से अत्याधुनिक तरीके से निवेश किया जाता है।
- कंपनी का राजस्व बढ़ाने के लिए मुख्य तकनीकी अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- कंपनी के लिए उपयोगी उपकरण हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर इत्यादि का संरक्षण और उपयोग सुनिश्चित करता है।

## जरूरी योग्यताएं

- सीटीओ बनने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री हासिल करना अनिवार्य है।

### तनख्वाह

किसी भी कंपनी या व्यवसाय के अंतर्गत आने वाले सीटीओ की सैलरी इस बात पर निर्भर करती है कि वह अधिकारी दुनिया के किस देश में तथा किस प्रकार की कंपनी में काम करता है क्योंकि आमतौर पर बड़ी-बड़ी अमेरिकी कंपनियों में पूरी दुनिया के मुकाबले अतिरिक्त भुगतान किया जाता है। भारत में भी बड़ी-बड़ी कंपनियां मुख्य तकनीकी अधिकारियों को अच्छा वेतन प्रदान करती है। आमतौर पर भारत में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर को प्रतिवर्ष 20,00,000 रुपए से लेकर 30 लाख रुपए के अंतराल में दिए जाते हैं। इसके अलावा अधिकारी के अनुभव और कंपनी के ऊपर सैलरी निर्भर करती है।

### कैसे बने सीटीओ

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर बनने के लिए आपको शुरुआत से ही विज्ञान विषय से संबंधित अध्ययन करना चाहिए और इसी फील्ड में आगे बढ़ना चाहिए अगर आप चीफ टेक्नॉलाजी ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको कंप्यूटर विज्ञान की फील्ड में स्नातक की डिग्री हासिल करनी होगी। ऐसा करने से आपके पास टेक्नोलॉजी से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान आ जाएगा, जिसके आधार पर आप और अधिक गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। आमतौर पर बड़ी-बड़ी कंपनियां सीटीओ के पद पर ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं जिन्हें पहले से ही कुछ एक्सपीरियंस हो ऐसी स्थिति में आप शुरुआती समय में छोटी कंपनियों में कार्य कर सकते हैं, जिससे समय के अनुसार आपका एक्सपीरियंस बढ़ता रहेगा।

---

## आधुनिक तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र से भी की जा सकती है अच्छी आमदनी

# भारत में एग्रीकल्चर एक बहुत बड़ा क्षेत्र नौकरी के लिए भी अच्छा करियर विकल्प

### एग्रीकल्चर क्षेत्र के कोर्स

- मास्टर ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर
- मास्टर ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर बॉटनी
- बीटेक इन एग्रीकल्चर
- डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एंड अलाइड प्रेक्टिसस
- डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग
- बैचरल ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर
- बैचलर ऑफ साइंस आनर्स
- मास्टर ऑफ साइंस इन बायोलॉजिकल साइंस
- डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान

एग्रीकल्चर का अर्थ होता है कृषि। भारत एक कृषि प्रधान देश है क्योंकि युगों युगों से भारत की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। खेती से ही भारत अपना जीवन यापन करता है। देश की अर्थव्यवस्था में खेती का बहुत बड़ा योगदान है। इसीलिए आप एग्रीकल्चर के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। अगर आपने यह सोचा है कि हम आपको खेती करने की सलाह दे रहे हैं, तो यह बिल्कुल गलत है क्योंकि वर्तमान समय में एग्रीकल्चर के रूप में विभिन्न पदों पर कार्यरत होकर आप एक बेहतरीन करियर विकल्प सुन सकते हैं। आज के समय में हमें ऐसी अनेक सारी खबरें देखने को मिलती है जिसमें विदेशों से लोग वापस लौट कर खेती करते हैं और करोड़ों रुपये कमा लेते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि वह लोग इतने सारे पैसे कैसे कमाते हैं। बता रहे हैं कि वर्तमान समय में खेती से संबंधित विभिन्न प्रकार की खेती की पद्धति प्रक्रिया सामने आई है। विशेष रुप से इजराइल की खेती प्रक्रिया से देश में बड़े पैमाने पर खेती की जा रही है। इजराइल खेती प्रक्रिया के अनुसार कम जमीन में और कम समय में लाखों रुपये की कमाई होती है। यही वजह है कि विदेशों में लोग बड़ी-बड़ी नौकरियां छोड़कर अपने देश लौटकर यहां पर खेती करके लाखों और करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। जैसा कि आपको पता ही है कि वर्तमान समय में काम करने के प्रत्येक तरीकों में बदलाव आ चुका है। इसी प्रकार का बदलाव खेती के क्षेत्र में भी आ चुका है। आज के समय में एग्रीकल्चर एक बहुत बड़ा क्षेत्र बन चुका है। जहां पर लोग नौकरी करके एक बेहतरीन करियर विकल्प देखते हैं।



## कैसे करे एग्रीकल्चर की पढ़ाई

एग्रीकल्चर में करियर बनाने के लिए आपको विभिन्न प्रकार के कोर्स करने होते है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि वर्तमान समय में एग्रीकल्चर का क्षेत्र बहुत बड़ा है। इसीलिए इसमें आपको विभिन्न प्रकार के नौकरियां करनी होती है विभिन्न प्रकार के पदों पर कार्य करके आप अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। एग्रीकल्चर के सत्र में विभिन्न प्रकार की डिग्रियां उपलब्ध कराई जाती है, जिनमें बेचलर, डिप्लोमा , मास्टर्स इत्यादि शामिल हैं। तो आइए एग्रीकल्चर के क्षेत्र में आने वाले कोर्स के बारे में भी आपको बताते हैं।

### आधुनिक कृषि के प्रकार

आज का समय बदल चुका है लगभग प्रत्येक कार्य को आधुनिक तरीके से किया जा रहा है जिसमें इंटरनेट और टेक्नोलॉजी का बहुत बड़ा योगदान है। इसी जगह जी के आधार पर तथा वैज्ञानिकों के सहारे पर अत्याधुनिक तरीके से खेती की जा रही है, जिसमें कम समय में कम जगह पर कार कंपनी से मोटा मुनाफा कमाया जाता है और बड़े पैमाने पर फसल का उत्पादन किया जाता है। इसमें कृषि इंजीनियर पता भारतीय प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तो आइए जानते हैं कि अत्याधुनिक तरीके से आधुनिक कृषि के प्रकार कौन-कौन से हैं?

### कृषि इंजीनियरिंग

कृषि के क्षेत्र में भी इंजीनियर की पद्धति शुरू हो चुकी है। बता दें कि कृषि इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे विशेष उपकरण तथा मशीनरी बनाई गई है जो कम समय में और कम जमीन पर लाखों रुपये की कमाई वाली फसलों को तैयार करता है। बता दें कि कृषि इंजीनियरिंग के तहत जल की निकासी सिंचाई ग्रामीण बिजली ग्रामीण रचनाएं मिट्टी का संरक्षण तथा कृषि के उपकरण इत्यादि विकल्प शामिल है। कृषि इंजीनियरिंग के अंतर्गत कृषि गतिविधियों को देखा जाता है। कृषि उपकरण कृषि मशीनों का निर्माण की प्रक्रिया जाता है तथा बेहतरीन ढंग से कार्य करवाया जाता है।

## करियर विकल्प

एग्रीकल्चर की महत्वता को जानते हुए भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा केंद्र से लेकर ग्रामीण स्तर तक विभिन्न प्रकार के एग्रीकल्चर से संबंधित पद जारी किए गए हैं। आप अपनी शिक्षा और अनुभव के आधार पर विभिन्न एग्रीकल्चर के कार्यों पर कार्यरत रह सकते हैं। आर्टिकल में बताए गए सभी प्रकार के कृषि क्षेत्रों से संबंधित करियर विकल्प विस्तार से जानते हैं।

### कृषि इंजीनियरिंग में करियर

कृषि इंजीनियरिंग के सत्र में शिक्षा प्राप्त करने के बाद आप कृषि से संबंधित मशीनरी और कृषि शिक्षा पद्धति को अपने अनुसार नया रूप दे सकते हैं। डिजाइन करवा सकते हैं, कंपनियों में काम कर सकते हैं या कृषि अनुसंधान केंद्र में विकास के नए नए उपयोग कर सकते हैं।

**अर्थशास्त्र में करियर:** कृषि अर्थशास्त्र के क्षेत्र में बेहतरीन करियर विकल्प देखने को मिलता है क्योंकि यहां पर आज के समय में किसानों को खेती करने के लिए ऋण लेना होता है। इसके अलावा कृषि अनुसंधान और कृषि अर्थशास्त्र के रूप में बाजार के रुझानों को जागना होता है।

### कृषि विज्ञान में करियर के अवसर

एग्रीकल्चर के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप कृषि विज्ञान का क्षेत्र चुन सकते हैं क्योंकि इसमें मुख्य रूप से मिट्टी से संबंधित रिसर्च की जाती है, जिसमें मिट्टी के अनुसार हवा और पानी तथा समय के अनुसार कौन-कौन सी फसलें होगी तथा किस प्रकार से उन्हें उगाना है? और कौन-कौन से खाद एवं उर्वरक तथा कीटनाशक का उपयोग करना है। इस बारे में जानकारी दी जाती है।

### बागवानी

आज के समय में लाखों की संख्या में लोग बागवानी के शौकीन हैं। बागवानी के अंतर्गत विदेशी फूलों वाले पेड़ न, विदेशी पेड़, विभिन्न प्रकार के बाग बगीचे, खूबसूरत पुराने पेड़ पौधे लगाए जाते हैं। पेड़ पौधों को बड़ा करने के लिए और हमेशा स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां दवाइयां दी जाती है। तथा उनकी देखभाल की जाती है इसके लिए विशेष प्रकार की कृषि विज्ञान की पढ़ाई करवाई जाती हैं।

वर्तमान समय में भारत में बागवानी के शौकीन बड़ी मात्रा में देखने के लिए मिल जाते हैं। विशेष रुप से अमीर लोग अपने फार्म हाउस पर बागवानी लगाते हैं। इसीलिए उन्हें बड़े पैमाने पर कृषि वैज्ञानिक की भी आवश्यकता पड़ती है।

#### बागवानी के लिए शीर्ष संस्थान

- आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर
- महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ, पुणे
- पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना
- गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर

### कृषि अर्थशास्त्र

अत्याधुनिक तरीके से कृषि करने के लिए विभिन्न प्रकार के अर्थशास्त्र के सिद्धांतों का उपयोग किया जाता है, जिसके आधार पर व्यापार और कृषि वस्तुओं का उत्पादन विभिन्न प्रकार के तरीके, कृषि उत्पादों की मांग, आपूर्ति, कृषि से संबंधित मदद, कृषि क्षेत्र में विशेषज्ञों का अनुभव तथा फसल, विज्ञान नीति, विश्लेषण, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, व्यापार, कृषि के उत्पादन आयात निर्यात कृषि क्षेत्र में पशुधन कृषि अर्थशास्त्र के रूप से नीति विश्लेषण, कृषि ऋण विश्लेषण, कृषि व्यवसाय इत्यादि कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**शीर्ष संस्थान :** कृषि अर्थशास्त्र क्षेत्र में कोर्स करवाने वाले भारत के शिक्षण संस्थान निम्नलिखित हैं –

- चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर
- महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली

### कृषि विज्ञान

कृषि विज्ञान अत्याधुनिक समय की कृषि के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि इसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कृषि से संबंधित प्रत्येक छोटी-बड़ी विषय वस्तु को जांच के आधार पर परखा जाता है, जिसमें विशेष रूप से मिट्टी का अध्ययन किया जाता है। मिट्टी के अनुसार पानी, फसल, खाद, बीज, उर्वरता, हवा, नमी, कीड़े, कीटनाशक इत्यादि के आधार पर फसल का रंग रूप तैयार किया जाता है। सबसे पहले मिट्टी की जांच करके यह देखा जाता है, किस मिट्टी में तथा संबंधित पानी में यहां के वातावरण के अनुसार कौन-कौन सी फसल हो सकती है? कौन से समय हो सकती है तथा उसके लिए कितना पानी लगेगा और किस प्रकार से कीटनाशक का उपयोग करना है। इत्यादि सभी महत्वपूर्ण जानकारी कृषि विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित हासिल की जाती है।

**शीर्ष संस्थान :** एग्रीकल्चर के सत्र में आप करियर बनाना चाहते हैं, तो कृषि विज्ञान का सत्र अवश्य चुनें, क्योंकि यहां पर आपको बेहतरीन और विभिन्न प्रकार के कृषि विज्ञान से संबंधित करियर विकल्प देखने को मिलेंगे। भारत में कृषि विज्ञान की शिक्षा दिलाने वाले निम्नलिखित शिक्षण संस्थान है–

- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर
- आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ, पुणे
- पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना

### बागवानी के क्षेत्र में करियर के अवसर

बागवानी के सत्र में आप एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। इसके लिए फूलों की खेती अंगूर की खेती फलों की खेती सब्जियों की खेती खुशबूदार फूलों को गाना उसका शोषण करना समय समय पर खाद उर्वरक कीटनाशक का उपयोग करना तथा किस प्रकार से आयात निर्यात करना है। इत्यादि इस प्रकार से बागवानी के क्षेत्र में बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं।

---

# परीक्षा का डर स्वाभाविक, यह जीवन के विशाल कैनवास पर एक छोटा-सा पड़ाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

परीक्षा के दौरान डर और चिंता का अनुभव करना स्वाभाविक है, लेकिन यह समय जीवन के विशाल कैनवास पर एक छोटा-सा पड़ाव मात्र है। तनाव, शरीर की प्राकृतिक प्रतिक्रिया है जो हमें चुनौतियों के लिए तैयार करता है, पर लंबे समय तक रहने पर यह नींद और आत्मविश्वास को कमजोर कर देता है। इसे प्रबंधित करने के लिए योग, प्राणायाम, या 5-4-3-2-1 तकनीक जैसे व्यावहारिक उपाय अपनाए जा सकते हैं। गीता का सिद्धांत-कर्म करो, फल की इच्छा मत करो-हमें तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने की याद दिलाता है। परिणामों को जीवन की मंज़िल न समझें। टॉम क्रूज़, ओप्राह विन्फ्रे, या डॉ. कलाम जैसे उदाहरण साबित करते हैं कि अंक व्यक्ति की क्षमताओं को परिभाषित नहीं करते।

## अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर फोकस रखें

भारत में रतन टाटा या मैरी कॉम जैसी प्रेरणाएं दिखाती हैं कि सफलता के रास्ते अनेक हैं। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन जैसे संस्थान बिना डिग्री के भी रोज़गार के अवसर प्रदान करते हैं। हर व्यक्ति की प्रतिभा अद्वितीय होती है। हावर्ड गार्डनर के मल्टीपल इंटेलिजेंस थ्योरी के अनुसार, संगीत, शारीरिक कौशल, या सामाजिक बुद्धिमत्ता जैसे गुण भी सफलता की नींव रखते हैं। शौक, इंटर्नशिप, या ऑनलाइन कोर्सेज के माध्यम से इन्हें निखारा जा सकता है। स्वामी विवेकानंद का संदेश-उठो, जागो, और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो-हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। तनाव मुक्ति के लिए समय प्रबंधन, डायरी लेखन, या सहायता माँगना जैसे कदम उपयोगी हैं। पोमोडोरो तकनीक या प्राथमिकता सूची बनाकर पढ़ाई को प्रभावी बनाया जा सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए 7-8 घंटे की नींद, पौष्टिक आहार, और शारीरिक गतिविधियां तनाव कम करने में मददगार हैं। समाज के दबाव को समझते हुए भी अपनी सीमाएं तय करें। माता-पिता से खुलकर बात करें और अपनी योजनाओं को साझा करें। परिणाम के बाद भी जीवन नए रास्ते खोलता है-गैप ईयर, कौशल विकास, या वैकल्पिक शिक्षा संस्थानों के माध्यम से नए लक्ष्य बनाए जा सकते हैं। महाभारत के अर्जुन की तरह, अपने लक्ष्य पर फोकस रखें और शोर को अनदेखा करें। याद रखें, परीक्षाएं आपकी मेहनत को मापती हैं, मगर आपकी मानवता या सपनों को नहीं। एक परिणाम आपके हौसलों का अंत नहीं है। जैसे एक फसल खराब होने पर किसान खेती नहीं छोड़ता, वैसे ही आप भी आगे बढ़ते रहें। अटल जी के शब्दों में-तू न थकेगा कभी, तू न रुकेगा कभी...-यही जीवन की अनंत यात्रा का सार है।

## नए अवसर हमेशा मौजूद रहते

1. **मेहनत बनाम पहचान**: परीक्षाएं व्यक्ति की मेहनत और तैयारी का आकलन करती हैं, लेकिन वे उसकी मानवीय मूल्यों (जैसे दया, ईमानदारी) या सपनों की ऊंचाई को परिभाषित नहीं कर सकतीं।
2. **एक परिणाम, अंत नहीं** : किसी एक परीक्षा का नतीजा आपके हौसलों या संभावनाओं का अंतिम फैसला नहीं है। जीवन में नए अवसर और रास्ते हमेशा मौजूद रहते हैं।
3. **किसान का दृष्टांत**: जिस तरह एक बार फसल खराब होने पर किसान खेती नहीं छोड़ता, वैसे ही विद्यार्थी को भी लगातार प्रयास जारी रखना चाहिए। असफलता सीखने का हिस्सा है।
4. **अटल जी का प्रेरक संदेश**: 'तू न थकेगा कभी, तू न रुकेगा कभी...' -यह पंक्ति जीवन को एक अनवरत यात्रा मानने और चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देती है।
5. **जीवन की विशालता**: परीक्षा परिणाम जीवन के एक पृष्ठ जितना महत्व रखता है, पूरी पुस्तक नहीं। सफलता के लिए धैर्य और लचीलापन ज़रूरी है।
6. **सपनों की उड़ान**: अंक या ग्रेड आपके सपनों की उड़ान को सीमित नहीं कर सकते। इतिहास गवाह है कि कई महान हस्तियों ने औपचारिक शिक्षा के बिना भी असाधारण उपलब्धियाँ हासिल कीं।

परीक्षाएं जीवन का एक छोटा चैप्टर हैं, जिन्हें समग्रता में देखना चाहिए। असफलता या सफलता से आगे बढ़ने का साहस ही वास्तविक जीत है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय
(बी) द्रविड़
(सी) आस्ट्रिक
(डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी
(बी) संस्कृत
(सी) तमिल
(डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए) अपभ्रंश से
(बी) लौकिक संस्कृत से
(सी) पालि-प्राकृत से
(डी) वैदिक संस्कृत से

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी
(बी) बांगरू
(सी) अवधी
(डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा
(बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा
(डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** ढूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**उत्तर** 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हरिभूमि विशेष

कविता जोशी.नई दिल्ली। न रहने के लिए घर, न खाने के लिए दो वक्त की पूरी रोटी, न पहनने-ओढ़ने के लिए बराबर कपड़े। लेकिन इन तमाम दुश्वारियों के बावजूद मां को देखकर मिला एक हौसला ही था कि जिंदगी में कुछ ऐसा जरूर करना है जो बाकी के लिए मिसाल बन जाए। इन चंद पंक्तियों में छिपी है एक साधारण सी साइकिल से कई बार अकेले भारत भ्रमण कर चुकी देश की जानी-मानी एकल साइक्लिस्ट मध्य-प्रदेश की रहने वाली 26 वर्षीय आशा मालवीय के जीवन की पूरी कहानी। जो आज न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया में करोड़ों महिलाओं को अपने घर की चारदीवारी लांघकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही हैं। 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2025' पर हरिभूमि ने आशा से फोन पर खास बातचीत की और उनकी मुश्किल साइकिल यात्राओं, जीवन के संघर्षों से सीखे अनुभवों से लेकर महिलाओं के लिए दिए प्रेरणादायक संदेश को जाना। पेश है बातचीत के अंश-

# साइकिल से कन्याकुमारी से सियाचिन पहुंची 'आशा' बनी करोड़ों महिलाओं की 'आशा'

'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2025' पर हरिभूमि से खास बातचीत की साइकिल से भारत भ्रमण कर चुकी जानी-मानी साइक्लिस्ट आशा मालवीय ने

### आपका शुरुआती जीवन कैसा था?

मैं मध्य-प्रदेश के राजगढ़ जिले के नाटाराम गांव की रहने वाली हूं। मेरे परिवार में मेरी मां और एक छोटी बहन है। जीवन की शुरुआत ही परेशानियों से हुई, मैं दो या तीन साल की रही होंगी तभी मेरे पिता का देहांत हो गया। परिवार में मैं, मेरी मां और एक बहन थे। रहने के लिए एक झोपड़ी, घर नहीं जिसे चारों तरफ से पॉलीथिन से ढका गया था। मेरी मां हम दोनों बहनों को पालने के लिए मजदूरी करती थी। उनके पास पहनने के लिए पैरों में चप्पल तक नहीं थी, लेकिन किसी तरह से मजदूरी कर जो पैसा मिलता। उससे ही गुजारा होता। मुझे आज भी याद है कि कभी हम एक वक्त के खाने का जुगाड़ गांव में किसी से मांग कर करते थे तो कभी खाने को कुछ नहीं मिलता था।

### अपने जीवन में किससे प्रेरणा मिली?

मेरे जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा मेरी मां हैं। उन्होंने ही मुझे पाल-पोसकर इतना बड़ा किया है। मां को देखकर लगता था कि अगर उन्होंने अपने जीवन में कभी हार नहीं मानी तो मैं क्यूं मानू। हमें अपने जीवन में ये हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारे हर निर्णय के लिए हम ही जिम्मेदार होंगे, दूसरा कोई नहीं। जब भी कोई काम करे तो सबसे पहले अपने मन की सुनें, दुविधा में कोई काम हाथ में नहीं लेना चाहिए। जब मैं अकेले साइकिल से भारत भ्रमण पर निकल रही थी तो मुझे पता था कि ये निर्णय मेरा है और इसे पूरा भी मुझे ही करना होगा। एक बार कोई मुश्किल काम हाथ में लेने के बाद जब वो पूरा होता है तो उसका अपना ही मजा होता है।




### देश की महिलाओं को क्या संदेश देना चाहेंगी?

साइकिल चलाना सिर्फ मेरी रुचि नहीं बल्कि इससे मैं अपने देश, दुनिया की महिलाओं को जागरूक करना चाहती हूं। क्योंकि आज भी महिलाएं ये सोचती हैं कि उन्हें घर से बाहर जाने के लिए किसी की मदद की जरूरत है। वो अकेले कहीं नहीं जा सकती हैं, सुरक्षा को लेकर खतरा है। मुझे इसी सोच को बदलना था कि महिलाएं ये नहीं कर सकतीं, वो नहीं कर सकतीं। मैं अपने संदेश में यही कहूंगी कि जिंदगी में जो भी करें, पूरे विश्वास से करें, अपने मन की आवाज को सुने, सफलता जरूर मिलेगी। रही बात साइकिल से देश घूमने की तो इससे जितना स्वास्थ्य को फायदा होता है, उतना गाड़ियों से संभव नहीं है। साइकिल चलाकर हम शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से फिट रहते हैं।

### इतनी चुनौतियों के बाद पढ़ाई कैसे पूरी की?

पांचवीं कक्षा तक गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते वक्त मेरी मां के एक परिचित ने हमें कुछ मदद दी। मैं पढ़ने में अच्छी थी, इसलिए जो मदद मिली वो बहुत का काम कर गई। दसवीं में पहुंची तो पढ़ाई के साथ थोड़ा-बहुत नौकरी करना शुरू किया। मेरे स्कूल के पास बाइक का कुछ काम होता था, वो किया। फिर एक प्राइवेट नौकरी के साथ-साथ स्नातक और परास्नातक की डिग्री ले ली है।

### सबसे ज्यादा चुनौती कहां आई?

कुल 17 हजार 500 किमी. की मेरी यात्रा का सबसे चुनौतीपूर्ण चरण लेह-लद्दाख में देखने को मिला। जहां मैंने खारदूंगला, बारालाचा और उर्मिंगला जैसे अत्यधिक ऊंचाई पर स्थित कुल 11 दर्रों को पार किया। इन जगहों पर ऑक्सीजन की काफी कमी थी, मेरी साइकिल नॉर्मल थी, कई बार टूटी, मैं गिरी भी लेकिन फिर जैसे-तैसे मैंने साइकिल खुद से ठीक की। कभी इतनी दिक्कत होती थी, रास्ता इतना मुश्किल होता कि उसमें साइकिल चल ही नहीं पाती थी तब मैं अपनी साइकिल हाथ से उठाकर ही आगे बढ़ती थी। शुरुआत में मेरे पास कोई सपोर्ट नहीं था। लेकिन बाद में मुझे सेना की मदद मिली, मेरी यात्रा के पड़ाव में रुकने के लिए उन्होंने सहायता की। यात्रा में मैं दिन रात दोनों समय साइकिल चलाती हूं।




### यात्रा में कैसा दिखा अपना देश?

यात्रा में मैंने सबसे ज्यादा मौसम के बदलाव महसूस किए हैं। ये मेरे लिए एक बड़ी चुनौती भी रहे। जब मैंने पिछले साल जून में कन्याकुमारी से सियाचिन तक अपनी साइकिल यात्रा शुरू की तो कन्याकुमारी में मौसम बिलकुल अलग था, उससे आगे बढ़ने पर कुछ और फिर अंत में लेह, लद्दाख और सियाचिन आते-आते पूरा नजारा ही बदल गया। उसने मेरी भारत को देखने की पूरी सोच ही बदल दी। आज जब मैं महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर अपना संदेश देती हूं तो उसमें भी कहती हूं कि पहले जैसे कहते थे भारत मतलब कश्मीर से कन्याकुमारी तक, लेकिन अब इसे कहिए कन्याकुमारी से सियाचिन तक। नॉट ओनली कश्मीर तक उससे आगे भी हमारा भारत है।

# देश की 50 फीसदी महिलाओं की मेंटल हेल्थ खराब वर्क-लाइफ बैलेंस, आर्थिक दबाव बिगाड़ रहे सेहत

नई दिल्ली। आज के समय में खराब मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ी समस्या बन गया है। महिलाएं भी इसका शिकार हो रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, भारत में आत्महत्या करने वालों में 36.6% महिलाएं हैं, जिनमें 18-39 वर्ष की युवतियां सबसे अधिक हैं। इसके बावजूद, समाज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर फैले डर और कलंक के कारण महिलाएं इलाज कराने से बच रही हैं। एक सर्वे में खुलासा हुआ कि महिलाएं मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर खुलकर बात करने से डरती हैं, ताकि कॅरियर पर असर न पड़े। इसके अलावा यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और वर्क-लाइफ बैलेंस के कारण भी महिलाओं की मानसिक सेहत बिगड़ रही है।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की एमपावर संस्था ने एक रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट देशभर की 13 लाख महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य आंकड़ों पर आधारित है। इसमें कॉलेज छात्राओं, कॉरपोरेट प्रोफेशनल्स, ग्रामीण महिलाओं और सेना में कार्यरत महिलाओं की मानसिक चुनौतियों के बारे में बताया गया है।

### कॉरपोरेट जगत में कामकाजी महिलाएं

42% महिलाओं में डिप्रेशन और एंग्जायटी के लक्षण पाए गए। 80% महिलाएं मातृत्व अवकाश और करियर ग्रोथ में भेदभाव झेलती हैं। 90% महिलाओं का कहना है कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का उनके कार्य प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ता है। महाराष्ट्र सरकार के साथ प्रोजेक्ट संवेदना के तहत 12.8 लाख ग्रामीण महिलाओं पर किए गए सर्वे में सामने आया कि वित्तीय अस्थिरता, सामाजिक कलंक और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण वे गंभीर अवसाद और चिंता से जूझ रही हैं।

### दवाओं से ठीक हो सकती है ये बीमारी

मनोचिकित्सक डॉ. अंकित गौतम ने कहा कि अक्सर महिलाओं को अवसाद, चिंता, अनिद्रा, व्यक्तित्व विकार, संबंधों की चुनौतियां और वैवाहिक असहमति एक गंभीर चुनौती है। डॉ. गौतम ने आगे कहा कि मनोचिकित्सीय विकारों को दवाओं, मनोचिकित्सा या दोनों के संयोजन से प्रभावी ढंग से कंट्रोल किया जा सकता है, यह व्यक्ति की आवश्यकताओं पर निर्भर करता है। तनाव मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के सबसे आम ट्रिगर्स में से एक है।





**18-35 वर्ष की उम्र की लड़कियों की मानसिक स्वास्थ्य प्रवृत्तियां कुछ इस तरह से हैं**

मुंबई- एकेडमिक स्ट्रेस और कॉरपोरेट बर्नआउट सबसे अधिक है। दिल्ली- सुरक्षा चिंताओं और उत्पीड़न के कारण पीटीएसडी और एंग्जायटी की समस्या अधिक है। कोलकाता- मजबूत सामाजिक नेटवर्क के बावजूद मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से महिलाएं कोसो दूर हैं।



### अच्छी नींद और योग का भी अहम रोल

.हर सेक्टर में काम करने वाली महिलाएं आज तनाव का शिकार हो रही हैं। यह मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है। महिलाओं को योग, नियमित शारीरिक गतिविधि, ध्यान, संतुलित आहार, गुणवत्तापूर्ण नींद और मजबूत सामाजिक समर्थन की जरूरत है। इसके अलावा जो महिलाएं तनाव, डिप्रेशन, एंग्जाइटी की समस्या से जूझ रही हैं। उन्हें समय-समय पर मनोचिकित्सक से सलाह लेने की आवश्यकता है।

# चांद पर मौजूद है बर्फ का जखीरा?



## लैंडिंग के डेढ़ साल बाद इसरो के चंद्रयान-3 ने दुनिया को चौंकाया

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 से मिले डाटा की रिसर्च से पता चला है कि चंद्रमा के ध्रुवीय इलाकों में पहले के अंदाजे के मुताबिक ज्यादा बर्फ हो सकती है। अहमदाबाद के वैज्ञानिक दुर्गा प्रसाद करनम के मुताबिक चांद की सतह पर तापमान में बड़ा बदलाव बर्फ बनने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इन बर्फ के कणों की रिसर्च करने से यह समझने में मदद मिलेगी कि वे कैसे बने और कहां से आए। यह रिसर्च 'कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंट' नाम की पत्रिका में छपी है। भविष्य में चंद्रमा पर इंसानों के रहने और खोज करने के लिए बर्फ एक बहुत जरूरी संसाधन होगा।



### कैसा है चांद का तापमान?


चंद्रयान-3 अगस्त 2023 को चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरा था। इस जगह को बाद में 'शिव शक्ति प्वाइंट' नाम दिया गया। यह जगह लगभग 69 डिग्री दक्षिण अक्षांश पर है। यहां दिन में तापमान 82 डिग्री सेल्सियस तक और रात में -170 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। वहीं, लैंडिंग वाली जगह के पास की एक सपाट जगह का तापमान दिन में 60 डिग्री सेल्सियस था। तापमान का यह अंतर नासा के आर्टेमिस मिशन के संभावित स्थलों से मेल खाता है। चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर पर एक खास उपकरण 'चास्टे' लगाया गया था, जिसने सतह और 10 सेंटीमीटर नीचे तक का तापमान मापा।

### सीधे भाप में बदल जाता है बर्फ

जब बर्फ को पानी में बदलने की संभावना के बारे में पूछा गया, तो करनम ने बताया कि चांद की सतह पर बहुत कम दबाव होता है, जिससे पानी तरल रूप में नहीं रह सकता। इसलिए, बर्फ पिघलकर पानी नहीं बनेगी, बल्कि सीधे भाप में बदल जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक की जानकारी के मुताबिक चांद पर कभी जीवन के मुताबिक परिस्थितियां नहीं थीं।

# एलन मस्क को फिर लगा झटका

स्पेसएक्स का स्टारशिप रॉकेट लॉन्च के बाद फटा, आसमान में दिखा मलबा



**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को एक बार फिर झटका लगा है। गुरुवार को स्पेसएक्स ने लॉन्च के कुछ मिनट बाद ही अंतरिक्ष में अपने स्टारशिप रॉकेट से संपर्क खो दिया। इसके बाद रॉकेट आसमान में फट गया और ये मलबे में तब्दील हो गया। इस मिशन की लाइव स्ट्रीम में अंतरिक्ष में स्टारशिप के टूटने के बाद दक्षिण फ्लोरिडा और बहामास के पास आसमान में आग के मलबे की लकीरें दिखाई दीं, जो इसके इंजन कटऑफ के साथ अनियंत्रित रूप से घूमने के तुरंत बाद हुआ।




### नासा रख रहा था नजर

इस मिशन का लक्ष्य अंतरिक्ष में कुछ नकली सैटेलाइट्स को छोड़ना और फिर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौटना था, जिसमें यह असफल रहा। नासा भी इस मिशन पर बारीकी से नजर रख रहा था।

### स्पेसएक्स ने जारी किया बयान

स्पेसएक्स ने इस मिशन में असफलता के बाद अपने बयान में कहा, 'स्टारशिप के ऊपर जाने के दौरान इसमें अनियोजित रूप से चीजें हुई और संपर्क टूट गया। हम इसके मूल कारण को बेहतर ढंग से समझने के लिए इस परीक्षण के डेटा की समीक्षा करेंगे। हालांकि हमेशा की तरह ही आज की उड़ान भी हमें स्टारशिप की विश्वसनीयता में सुधार के लिए अतिरिक्त सबक प्रदान करेगी।'

### दो महीने में मिली दूसरी नाकामयाबी

स्टारशिप को करीब दो महीने में यह दूसरी नाकामयाबी मिली है। इसे पहले जनवरी में भी कंपनी का लॉन्च असफल होकर रॉकेट का जलता हुआ मलबा टर्क्स और कैकोस द्वीप पर बरस गया था। स्पेसएक्स ने गुरुवार को विशाल स्टारशिप रॉकेट को नकली सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़ने के लिए परीक्षण उड़ान पर लॉन्च किया था। 123 मीटर लंबा रॉकेट टेक्सास से उड़ा। जब यब दूर हिंद महासागर के ऊपर बढ़ रहा था तो इसका चालक दल से संपर्क टूट गया।

चिंतन

# महज एक परंपरा नहीं है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

पूरी दुनिया में 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह महज एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है, लेकिन हम इस उत्सव को किस रूप में लेते हैं, ये हमारी मानसिकता पर निर्भर करता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। एक समय था जब महिलाओं को न तो शिक्षा का अधिकार था, न ही वोट देने का और न ही उन्हें पुरुषों से बराबरी करने का। इस असमानता के खिलाफ महिलाओं ने आवाज उठाई और 1908 में न्यूयॉर्क शहर में करीब 15,000 महिलाओं ने एक विशाल प्रदर्शन किया। वे कम वेतन, बेहतर काम करने की परिस्थितियां और वोटिंग के अधिकार की मांग कर रही थीं। इस आंदोलन ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा और 1910 में डेनमार्क के कोपेनहेगन शहर में पहला अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में जर्मनी की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिन ने यह प्रस्ताव रखा कि हर साल एक दिन महिलाओं के अधिकारों और समानता के लिए समर्पित किया जाना चाहिए। इस विचार को कई देशों ने अपनाया और 1911 में पहली बार ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अब हालात वैसे नहीं हैं। महिलाएं बराबरी पर खड़ी हैं। पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दुनिया को नई रफ्तार दे रही हैं, लेकिन फिर भी लगातार ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं जो सोचने पर मजबूर करती हैं कि शायद आज भी हमारे ही बीच ऐसे लोगों को कमी नहीं है जो महिला अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन उनकी मानसिकता में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। बीते दिनों ही महाराष्ट्र के जलगांव से आई भाजपा नेत्री की नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की खबर न केवल हैरान करती है बल्कि महिलाओं की स्थिति पर सवाल भी खड़े करती है।देश के अन्य हिस्सों से भी ऐसी घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। ध्यान देने की बात है कि बेटी के साथ कथित छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने केंद्रीय मंत्री खुद थाने पहुंचीं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह थाने में मंत्री या सांसद की हैसियत से नहीं बल्कि एक मां के रूप में आई हैं। लेकिन उन्होंने यह सवाल भी किया कि जब एक केंद्रीय मंत्री और सांसद की बेटी के साथ ऐसा हो सकता है तो आम घरों की लड़कियों की क्या दशा होगी। ध्यान रहे यह इकलौती घटना नहीं है। हर दिनों समाचार पत्रों में ऐसी खबरों की भरमार रहती है। अनिवार्य है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन मामला सिर्फ कानून व्यवस्था का नहीं है, समाज की संवेदनशीलता का भी है। परिवार में लड़कों के पालन-पोषण के तौर-तरीकों का भी है। देश के कोने-कोने से ऐसी छेड़छाड़ की खबरें आती रहती हैं और उससे कहीं ज्यादा के बारे में तो पता भी नहीं चलता। ऐसे मामलों को रोकने के लिए कानूनी सख्ती के साथ घर के अंदर भी पहल करनी होगी। लड़कों को कम उम्र से ही बताना होगा कि लड़कियों-स्त्रियों के साथ किस तरह से पेश आना चाहिए। उन्हें अपनी संस्कृति संस्कारों से जोड़ना होगा। हम उस देश के वासी हैं जहां महिला शक्ति को माता का दर्जा प्राप्त है। साल में दो बार नवरात्रें मनाकर महिला शक्ति को पूजते हैं। इसके बावजूद अगर ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं तो हमें तुरंत सजग होना होगा। युवा पीढ़ी को भी सुसंस्कारी बनाना होगा, तभी महिलाओं को सही सम्मान मिल सकेगा।



महिला दिवस

प्रो. नीलिमा गुप्ता

महिला शिक्षा व सशक्तिकरण एक दूसरे से गहरे से जुड़े हुए हैं, क्योंकि शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों, अवसरों और जिम्मेदारियों को समझ सकती हैं। शिक्षा के द्वारा ही महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मसम्मानित और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। महिला शिक्षा व सशक्तिकरण की प्रक्रिया केवल महिलाओं के व्यक्तिगत विकास के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक शिक्षित महिला ही सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकती है, अपनी सामाजिक स्थिति में सुधार करती कर सकती है व पूरे परिवार और समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जा सकती है।

# शैक्षिक सशक्तिकरण के अवसर मिले

एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। शिक्षा न केवल व्यक्तिगत जीवन को समृद्ध करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी सहायक है। आज आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने की तरफ भारत आगे बढ़ रहा है। शिक्षा को आत्मनिर्भरता की नींव कहा जा सकता है, क्योंकि जब किसी व्यक्ति या समाज को उचित शिक्षा मिलती है, तो वह न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में सुधार करता है, बल्कि वह देश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके लिए आवश्यक है कि देश के नागरिक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करें और उसे अपने जीवन में सही ढंग से लागू करें।

आज कौशल विकास के कई अवसर युवाओं के सामने हैं जिससे वे न केवल रोजगार पा सकते हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकते हैं। नई तकनीकों और नवाचारों का ज्ञान प्राप्त कर युवा भारत अपनी एक मजबूत और प्रतिस्पर्धात्मक ताकत बनने की क्षमता रखता है। शिक्षा नागरिकों को अधिकारों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक तो करती ही है, साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता जैसे महत्त्वपूर्ण आयामों के प्रति भी नागरिक बोध भी कराती है। यह समाज में जाति, वर्ग, जेंडर विभेद को दूर करने का एक माध्यम भी है ताकि सभी नागरिकों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर सेवा का समान अवसर उपलब्ध हो सके। स्वावलंबन और नागरिक बोध से युक्त भारत की जनसंख्या न केवल उसकी शक्ति है बल्कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करती है। इस महती संकल्पना को साकार में करने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए महिला शिक्षा के महत्व को समझना आवश्यक है। महिला शिक्षा और सशक्तिकरण एक दूसरे से गहरे से जुड़े हुए हैं, क्योंकि शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों, अवसरों और जिम्मेदारियों को समझ सकती हैं। महिला शिक्षा के द्वारा ही महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मसम्मानित और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की प्रक्रिया केवल महिलाओं के व्यक्तिगत विकास के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक शिक्षित महिला ही सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकती है, अपनी सामाजिक स्थिति में सुधार करती कर सकती है तथा पूरे परिवार और समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जा सकती है। महिलाओं का शिक्षित होना और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना समाज में समानता की मुख्य कुंजी है। महिलाएं शिक्षा के माध्यम से न केवल रोजगार प्राप्त करती हैं बल्कि वे अपने परिवार की आर्थिक सुदृढ़ीकरण में योगदान करती हैं। इससे महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती है और उनकी आर्थिक रूप से निर्भरता समाप्त होती है। आर्थिक सक्षमता महिलाओं में निर्णय की क्षमता का विकास करती है और यही स्थिति उन्हें समाज में बराबरी का स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण साबित होती है। शिक्षित और आत्मनिर्भर महिलाएं स्वयं और परिवार के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाए रखने में सक्षम होती हैं। वे पोषण, स्वच्छता और देखभाल के महत्व को बेहतर समझती हैं। उनकी यह काबिलियत न केवल उनकी बल्कि पूरे परिवार और समाज की जीवनशैली में सुधार करती है और जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मदद करती है। समाज में स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण तभी संभव है जब उस समाज की महिला सशक्त हो। महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि महिलाओं को उनके अधिकारों, अवसरों और विकल्पों में पूरा समर्थन मिले, ताकि वे समाज में आत्मनिर्भर, स्वतंत्र और समृद्ध जीवन जी सकें। यह उनके सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और मानसिक सशक्तिकरण से भी जुड़ा हुआ है। यह जरूरी है कि महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में शिक्षा दी जाए, ताकि वे अपने जीवन के निर्णय खुद ले सकें। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि उनके आत्मविश्वास से उनकी आवाज बुलंद हो और वे नीतियों में परिवर्तन ला सकें। महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर लड़की को शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिले, खासकर ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में। इसके लिए विद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और छात्रवृत्तियां प्रदान करना जरूरी है। समाज को भी यह समझने की आवश्यकता है कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि समग्र समाज के विकास के लिए आवश्यक है। इसलिए समाज को भी अपनी मानसिकता में बदलाव लाने, भेदभाव को समाप्त कर महिलाओं को समान अधिकार प्रदान करने की पहल करनी चाहिए। महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं की सुरक्षा भी अहम है। सरकार और समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिलाएं बिना किसी डर के अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकें। इसके लिए भारत सरकार द्वारा प्रभावी कानून और नीतियां भी लाई गई हैं। महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य के बारे में सही जानकारी देना, उनकी देखभाल भी सशक्तिकरण का एक आवश्यक पहलू है। एक स्वस्थ महिला ही सशक्त बनकर अपने परिवार और समाज का सही दिशा में मार्गदर्शन कर सकती है। इसके लिए हमें शैक्षणिक संस्थानों में भी छात्राओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें गुणात्मक शिक्षा प्रदान कर समान स्तर पर लाना होगा। महिला शिक्षा के माध्यम से उन्हें समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना हम सबका कर्तव्य है। अगर हम एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र चाहते हैं तो हमें महिलाओं को शिक्षा और सशक्तिकरण के सही अवसर प्रदान करने होंगे।



(लेखिका डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.) में कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

लैंगिक समानता

अर्चना कुमारी



# 'आधी आबादी' को पूरा हक मिलना चाहिए

भारत में महिलाएं देश की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं। यूं तो यह आधी आबादी कभी शोषण तो कभी अत्याचार के मामलों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती है। हालांकि जब भी हम महिलाओं की समानता की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि किसी भी वर्ग में समानता के लिए सबसे पहले अवसरों की समानता का होना बेहद ज़रूरी है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि देश में आधी आबादी राजनीति में अभी भी हाशिये पर है। ये स्थिति तब है, जबकि जितनी भी महिलाओं को राजनीति के निचले पायदान से ऊपरी पायदान तक जितना भी और जब भी मौका मिला, उन्होंने अपनी योग्यता और क्षमताओं का लोहा मनवाया है। ऐसे में यह सवाल भी उठना स्वाभाविक है कि आजादी के 75 सालों में लैंगिक समानता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियां आखिर गिनती की ही क्यों रह गई हैं? आखिर सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में लैंगिक असमानता क्यों बरकरार है? वह भी तब, जब हम इस वर्ग को 'आधी आबादी' का संबोधन देते हैं। यह बात सही है कि स्त्री शक्ति ने देश-दुनिया में समय-समय पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, लेकिन महिलाओं को कमतर होने का अहसास दिलाने की पुरुष वर्ग की मानसिकता आज भी स्त्रियों को उनके हकों से वंचित कर रही है। नारी सशक्तीकरण की बातें कागजी योजनाओं में काफी अच्छी लगती हैं पर धरातल पर अभी काफी कुछ होना बाकी है। खास तौर से आधी आबादी को लोकतांत्रिक व्यवस्था में बराबरी का हक देने को लेकर। यह विडम्बना ही है कि विधायिकाओं में 50 फीसदी नहीं, बल्कि महज 33 फीसदी आरक्षण की सालों से चल रही मांग आज तक अधूरी ही है। पंचायत और स्थानीय निकाय स्तर पर आरक्षण से महिलाओं को मौका जरूर मिला लेकिन यहां भी कितना सशक्तीकरण नारी शक्ति का हो पाया है यह किसी से छिपा नहीं है। शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वावलंबी, ऊंचे पदों पर बैठी महिलाओं के विपरीत लैंगिक भेदभाव की उस तस्वीर को भी देखना होगा जहां महिलाओं को यह तक पता नहीं कि कानून ने किन-किन क्षेत्रों में उनको कितना संरक्षित कर रखा है। वहीं संसद में भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। भारत की मौजूदा जनसंख्या के अनुसार, लोकसभा में एक निर्वाचित सांसद औसतन 26 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं एक निर्वाचित महिला सांसद औसतन 92 लाख महिलाओं का प्रतिनिधित्व करतीं हैं। जाहिर है महिला अधिकारों और महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के दावों और उसकी वास्तविकता के मध्य एक गहरा विरोधाभास और राजनीतिक दलों का दोगलापन है।

हमें नहीं भूलना चाहिए कि डॉ. आंबेडकर महिलाओं की उन्नति के प्रबल पक्षधर थे। उनका मानना था कि किसी भी समाज का मूल्यांकन इस बात से किया जाता है कि उसमें महिलाओं की क्या स्थिति है? दुनिया की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए जब तक उनका समुचित विकास नहीं होता कोई भी देश चहुंमुखी विकास नहीं कर सकता। उनका दृढ़ विश्वास था कि महिलाओं की उन्नति तभी संभव होगी, जब उन्हें घर-परिवार और समाज में बराबरी का दर्जा मिलेगा। लेकिन ये सच है कि पितृसत्तात्मक मानदंडों और परम्परागत मानसिकता के चलते ऐतिहासिक रूप से भारत में महिलाओं को हाशिए पर रखा गया। आजादी के बाद भारत के संविधान ने ये व्यवस्था दी कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में पुरुषों एवं महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया जाएगा, लेकिन भारत में अधिकांश विधानसभाओं में महिला सदस्यों के प्रतिनिधित्व का परिदृश्य आज भी निराशाजनक है। वास्तव में भारत की आधी आबादी का एक बहुत बड़ा भाग अभी भी अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित है।

वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की ओर से जारी रिपोर्ट में भारत का नाम 146 देशों की सूची में 135वें स्थान पर रहा है। आज ज़रूरत इस बात की है कि इन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। भारत की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी कम होने के पीछे प्रमुख कारण अब तक समाज में पितृसत्तात्मक ढाँचे का मौजूद होना है। हमें इस बात को समझना होगा कि पुरुषों और महिलाओं की समान भागीदारी न केवल न्याय और लोकतंत्र के लिए अहम है, बल्कि ये सुव्यवस्थित मानव अस्तित्व के लिए भी अनिवार्य है।जाहिर है, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक और प्रशासन से लेकर राजनीति तक बेटियों को अभी काफी अवसर और सुविधाएं देना बाकी है। यह काम सरकारों को भी करना है और समाज को भी।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जब मन अशांत हो, इष्टदेव के मंत्रों करे जप



संकलित

दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## सफलता के लिए योजना बनाकर काम करे



संकलित

प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अटुकल पोंगाला उत्सव



तिरुवनंतपुरम में शुक्रवार को अटुकल पोंगाला उत्सव के दौरान अटुकल भगवती मंदिर में भक्त विलाक्कुकेट्टु जुलूस में भाग लेते हुए।

## आज की पाती

### प्रकृति स्वरूपा है नारी ब्रह्मांड का आधार है नारी

प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल की सच्चाईयां बहुत ही खौफनाक हैं। महिलाओं पर जुल्म बढ़ते ही जा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि नारी प्रकृति स्वरूपा है, नारी ब्रह्मांड का आधार है, नारी जगत जननी है, न मजबूर न समझो इसे बेचारी। सजीवन एक खूबसूरत यात्रा है। इसी यात्रा में हम संघर्ष करते हुए सदैव गतिमान रहते हैं।

-मदन बाजपेयी, भिलाई

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने सुनीता विलियम्स के घने बालों की प्रशंसा की

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के घने बालों की सराहना की और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्रियों को संदेश दिया कि उन्हें जल्द धरती पर वापस लाया जाएगा। ट्रंप (78) ने अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे बुच विल्मोर और विलियम्स को पृथ्वी पर वापस लाने में मदद करने के लिए व्यक्तिगत रूप से एक बचाव दल को कक्षा में भेजने की संभावना का जिक्र किया और आठ दिन के मिशन के नौ महीने तक जारी रहने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना की।



ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा, 'बाइडन ने उन्हें वहीं फंसा छोड़ दिया।' उन्होंने कहा, 'हमारे दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। मैंने एलन (मस्क) से कहा, 'मेरा एक काम करो। क्या तुम उन्हें बाहर निकाल कर ला सकते हो? उन्होंने कहा 'हां'। वह वहां जाने की तैयारी कर रहे हैं, मुझे लगता है कि दो सप्ताह में। ट्रंप ने कहा कि मस्क अभी एक यान तैयार कर रहे हैं जो ऊपर जाएगा और उन्हें वहां से ले जाएगा।

## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न

पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी



हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ - और डॉक्टर - पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता।

## ट्रेंड

### तमिल में पाठ्यक्रम

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को भी जल्द से जल्द तमिल भाषा में मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शुरू करना चाहिए। इससे तमिल माध्यम से पढ़ाई करने वाले छात्रों को लाभ होगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### विकास का दीप जलाएंगे

विगत सरकारों ने दिल्ली के हर विभाग, हर व्यवस्था को इतना बदहाल कर दिया है। हमें एक जंग लगा हुआ सिस्टम विरासत में मिला है लेकिन हम अपने बुलंद हौसलों और कर्तव्यनिष्ठा से दिन-रात काम करके दिल्ली में विकास का दीप जलाएंगे।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### महिलाओं को प्रोत्साहन

इस पहचान के लिए मैं बहुत आभारी हूँ, मैं और अधिक महिलाओं को आगे आने और अपनी यात्रा की पटकथा लिखने में यथास्थिति को चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी



### उम्र सिर्फ़ एक संख्या

जिस शख्स ने फिल्मों में 28 साल की उम्र में 65 साल के बुजुर्ग की भूमिका निभाई हो, और ज़्यादातर अपनी उम्र से बड़े किरदारों के रोल किए हों, उसकी जवानी तो अब शुरू हुई है! उम्र सिर्फ़एक संख्या है, मैं इसका आदर्श उदाहरण हूँ।

-अनुपम खेर, अभिनेता



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## बरसाना में सीएम योगी ने खेली फूलों की होली

# अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी...

एजेंसी ▸▸ बरसाना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि ब्रज की रज में कन्हैया के दर्शन हर कोई करता है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे बार-बार यहां आने का मौका मिलता है। महाकुंभ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। सनातन की एकता का अकल्प समागम दुनिया ने देखा। राम की जन्मभूमि भी इसी उत्तर प्रदेश में है और कृष्ण कन्हैया की पावन जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश में है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विरासत और विकास की परंपरा शुरू हुई, जो महाकुंभ में दिखी। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। योगी ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरुआत की।

**लोगों को दिया बड़ा आश्वासन**

### होली एकता और सद्भाव का त्योहार

योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है। बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की।

### मुख्यमंत्री ने रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया, राम- कृष्ण दोनों की भूमि उत्तर प्रदेश में

**श्रीराधारानी के श्रीचरणों में विकास का निवेदन किया**



योगी ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है। पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है। सीएम ने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है।

**सनातन के विरोधियों को महाकुंभ से जवाब मिल गया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुंभ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुंभ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है।

### बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक

योगी ने संतों का सम्मान किया और देश-दुनिया से आए लोगों को होली व रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है। यह ब्रज भूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र हैडबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है। होली के इस पावन अवसर पर ब्रज भूमि के विकास को नई गति मिलेगी। सीएम ने् री लाडली जी महाराज के मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेश के कल्याण की कामना की।



**खबर संक्षेप**

### स्टालिन ने दक्षिण भारत के 7 मुख्यमंत्रियों को पत्र लिख मांगा समर्थन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने दक्षिण भारत के राज्यों समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। स्टालिन ने केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति और परिसीमन के मुद्दे पर समर्थन मांगा है। इसमें ममता बेनर्जी और भाजपा सीएम मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल हैं। इसके पहले भी वे कई कार्यक्रमों में हिंदी के प्रति अपनी असमर्थता जता चुके हैंष

### इलाहाबादिया और अपूर्वा ने महिला आयोग से लिखित माफी मांगी



**नई दिल्ली।** समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में की गई अश्लील टिप्पणी, मजाक को लेकर रणवीर इलाहाबादिया और अपूर्वा मुखीजा लंबे समय से पुलिस शिकायतों और सोशल मीडिया पर मिल रही आलोचना का सामना कर रहे हैं। महिला आयोग ने उनके बयान दर्ज किए। अब खबर है कि रणवीर और अपूर्वा ने अपने किए की माफी महिला आयोग के सामने मांग ली है। इन पर भद्दी टिप्पणी करने के कई मामले दर्ज किए गए हैं।

### नारायणपुर माइंस में आईईडी ब्लास्ट से एक मजदूर की मौत



**जगदलपुर।** नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र स्थित आमदई में संचालित निको जायसवाल लौह अयस्क खदान के जीरो पाइंट में शुक्रवार सुबह नक्सलियों द्वारा प्लांट प्रेशर आईईडी की चपेट में 2 मजदूर घायल हो गए। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि एक मजदूर के पैर के चीथड़े उड़ गए। दोनों घायलों को गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया जा रहा था तभी एक मजदूर की मौत हो गई वहीं दूसरे मजदूर को जिला रेफर किया गया था।

## दादरा नगर हवेली में पीएम ने किया नमो अस्पताल का लोकार्पण

# यहां तेजी से नए अवसरों का विकास हुआ, यह हमारा गौरव और विरासत

यहां के लोगों ने मुझ पर पूरा भरोसा जताया

**यहां हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और गुजराती सहित 4भाषाएं पढ़ाई का माध्यम**

एजेंसी ▸▸ सिलवासा

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दादरा एवं नगर हवेली के सिलवासा में 2,587 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि सिलवासा और केंद्र शासित प्रदेश को आधुनिक पहचान मिल रही है। यह ऐसा शहर है जहां हर जगह के लोग रहते हैं। यहां का महानगरीय मिजाज दिखाता है कि कैसे यहां बहुत तेजी से नए अवसरों का विकास हुआ है। दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव हमारे लिए सिर्फ केंद्र शासित प्रदेश नहीं हैं, बल्कि हमारा गौरव और विरासत हैं।

ये एक शिक्षा केंद्र के रूप में उभरे हैं। पहले मुझे यह देखकर खुशी होती थी कि यहां हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और गुजराती सहित चार भाषाएं पढ़ाई का माध्यम हैं। अब मुझे इस बात पर गर्व है कि प्राथमिक और जूनियर स्कूलों में भी बच्चों को स्मार्ट कक्षाओं में शिक्षा मिल रही है। मुझे यहां के लोगों के सामर्थ्य पर भरोसा था, आप पर भरोसा था।

**सिलवासा में**

**2,587**

करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

**यह प्रदेश एक आदर्श प्रदेश बनेगा**



**460 करोड़ की लागत से 450 बिस्तरों वाला अस्पताल बनेगा**

पीएम मोदी ने सिलवासा में नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। 460 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित 450 बिस्तरों वाला यह अस्पताल दादरा नगर हवेली में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा। साथ ही क्षेत्र के लोगों खासकर जनजातीय समुदायों को अत्याधुनिक चिकित्सा देखभाल प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने इस भरोसे को शक्ति में परिवर्तित कर दिया, उसे आगे बढ़ाया। आज हमारा सिलवासा और यह प्रदेश एक आधुनिक पहचान के साथ उभर रहा है। आज यहां 2.5 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, हेल्थकेयर, शिक्षा और टूरिज्म, यानी हर क्षेत्र से जुड़े ढेर सारे प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के विकास को और गति देंगे। यहां नए अवसर पैदा होंगे। हम इस प्रदेश को एक ऐसा आदर्श प्रदेश बना रहे हैं, जो आपके समग्र विकास के लिए जाना जाए।

### सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी को मिल रहा

पीएम मोदी ने कहा कि वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना से हर व्यक्ति को भोजन की गारंटी मिली है। जल जीवन मिशन से स्वच्छ जल सुनिश्चित हुआ है, जबकि भारतनेट ने डिजिटल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया है। पीएम जन धन योजना ने हर घर को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा है। इन योजनाओं की सफलता से लोगों में विश्वास पैदा हुआ है और इन सरकारी पहलों से आए सकारात्मक बदलावों ने प्रभावी परिणाम दिखाए हैं। जीवन के हर आयाम में, हर जरूरत के लिए सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी को मिल रहा है।

### 'हमने दाम कम, दवाई में दम' का मंत्र दिया

उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में इस क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का काफी विस्तार हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जन औषधि दिवस भी है। जन औषधि यानी-सस्ते इलाज की गारंटी। जन औषधि का मंत्र है - दाम कम, दवाई में दम। हमारी सरकार अच्छे अस्पताल भी बनवा रही है, आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा भी दे रही है और जन औषधि केंद्रों के जरिए सस्ती दवाएं भी दे रही है। आने वाले वर्षों में हम देशभर में 25,000 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

**माईगवइंडिया पोर्टल के पोस्ट को साझा किया**

प्रधानमंत्री मोदी ने माईगवइंडिया पोर्टल के पोस्ट को साझा करते हुए एक्स पर कहा कि जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**प्रशासक पटेल ने किया पीएम का अभिनंदन**

केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक प्रफुल्ल के. पटेल ने पीएम मोदी का अभिनंदन किया। इसके बाद पीएम सूरत खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ किया और लोगों को संबोधित किया।

### जनऔषधि ने स्वास्थ्य में बदलाव लायाः नड्डा



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना ने 'अच्छी भी, सस्ती भी' के मंत्र के साथ स्वास्थ्य सेवा में बदलाव ला दिया है। पूरे भारत में 15,000 से अधिक जन औषधि केंद्रों के साथ, यह पहल 50-90 फीसदी कम कीमतों पर दवाइयां उपलब्ध कराती है, जिससे स्वास्थ्य सुनिश्चित होता है।

## भाजपा ने कांग्रेस की कर्नाटक सरकार के बजट को बताया 'हलाला बजट'

# कांग्रेस जिन्ना के विचार को आगे बढ़ा रहीः एंटोनी

कहा, राहुल गांधी और अखिलेश औरंगजेब को अपना आदर्श मान सकते हैं, हम नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भाजपा ने कर्नाटक सरकार द्वारा शुक्रवार को पेश किए बजट की कड़ी आलोचना करते हुए इसे हलाला बजट करार दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल एंटोनी ने एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल से ज्यादा समय तक भारत पर राज किया है, कांग्रेस अब मोहम्मद अली जिन्ना के विचार को आगे बढ़ा रही है। बजट में कर्नाटक सरकार ने 4 प्रतिशत सरकारी कामों के ठेके मुस्लिम ठेकेदारों के लिए आरक्षित करने का एलान किया है।

कर्नाटक सरकार के बजट में एक हजार करोड़ रुपये अल्पसंख्यक कल्याण के लिए आवंटित किए गए हैं। 150 करोड़ रुपये वक्फ संपत्ति सुरक्षा के लिए और साथ ही 100 करोड़ रुपए ऊर्दू के स्कूलों के लिए देने का एलान किया गया है और इमामों को 6 हजार रुपए महीना देने की घोषणा की है।

कर्नाटक सरकार के बजट को लेकर निशाना साधते हुए बीजेपी प्रवक्ता अनिल के. एंटनी ने कहा, कर्नाटक सरकार का ये बजट उनके नए आदर्श औरंगजेब से प्रभावित है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव औरंगजेब को अपना आदर्श मान सकते हैं, हम और देश की जनता नहीं मान सकती।'

उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी 2014 में जब पहली बार प्रधानमंत्री बने तब से ही वो देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। हमारे विकास का मंत्र है सब आगे बढ़ें सब तरक्की करें। वहीं, देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस अब धीरे-धीरे विश्वास खोती जा रही है। कांग्रेस अब मोहम्मद अली जिन्ना की नई पार्टी के रूप में उभरकर सामने आ रही है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस की कर्नाटक सरकार इस देश में अब तुष्टिकरण का नया चेहरा बनती जा रही है। 2023 में जबसे कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनी है तबसे राज्य की हालत और खराब होती जा रही है। कर्नाटक के मुस्लिम विधायकों ने पिछले महीने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मुसलमानों के लिए सरकारी ठेकों में आरक्षण की मांग की थी।

## नकली मतदाता पहचान पत्र को लेकर ईसी का दावा

# हम 3 महीने में सुलझाएंगे दशकों पुरानी समस्या, अब 'नया सिस्टम' करेंगे लागू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को 3 महीने में हल कर लेगा। ईसी ने कहा कि चुनावी रजिस्टर दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता डेटाबेस है, जिसमें 99 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। हमने तकनीकी टीमों और संबंधित राज्य मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद हल करने का निर्णय लिया है।

### ईपीआईसी नंबरों की परेशानी को जल्द दूर करेंगे

**ईपीआईसी नंबर के मामले का आयोग ने लिया संज्ञान**



ईसी ने कहा कि डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के मामले में आयोग ने पहले ही संज्ञान लिया है। ईपीआईसी नंबर चाहे जैसा भी हो, एक मतदाता जो एक विशेष मतदान केंद्र के चुनावी रजिस्टर से जुड़ा हुआ है, केवल उसी मतदान केंद्र पर मतदान कर सकता है, और कहीं नहीं।

**टीएमसी ने शिकायत की थी:** बंगाल में सत्ताधारी दल टीएमसी ने एक ही मतदाता फोटो पहचान पत्र नंबर के बारे में शिकायतें की थी। चुनाव आयोग पर कवर-अप का आरोप भी लगाया है। टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल नेकोलकाता में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की थी।

# आपराधिक कानून व्यक्तिगत स्वतंत्रता, सामाजिक सद्भाव के बीच मौलिक संतुलन को प्रभावित कर रहे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि समाज में आपराधिक कानूनों के महत्व को कम नहीं आंका जाना चाहिए। सीजेआई गुरुवार को पूर्व प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित द्वारा संपादित पुस्तक 'रतनलाल और धीरज लालज लॉ ऑफ क्राइमः अ कामप्रिहेन्सिव कमेंटरी ऑफ भारतीय न्याय संहिता 2023' के विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। यह कार्यक्रम दिल्ली हाई कोर्ट के सभागार में पूर्व प्रधान न्यायाधीश, विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणि और सुप्रीम कोर्ट तथा हाई कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में हुआ। सीजेआई ने कहा कि आपराधिक कानून सीधे तौर पर वस्वतंत्रता, सामाजिक सद्भाव और राज्य की शक्ति के बीच मौलिक संतुलन को प्रभावित करता है।

### जब जस्टिस खन्ना के घर पहुंच गया एक अपराधी

सीजेआई ने बताई आपबीती



**युवा नहीं बना रहे आपराधिक मुकदमे में करियर**

उन्होंने कहा कि जब मैं कानून के छात्रों, वकालत के पेशे में आए नए व्यक्तियों को देखता हूं, तो उनमें से कई आपराधिक मुकदमे में करियर को आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। जिला अदालतों में अधिकांश मुकदमे आपराधिक मुकदमे ही होते हैं।

**एक यादगार अनुभव भी साझा किया**

सीजेआई ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि युवा वकीलों को क्यों आपराधिक कानून को करियर बनाना चाहिए। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में अतिरिक्त लोक अभियोजक के रूप में काम करते हुए एक यादगार अनुभव साझा किया। सीजेआई ने कहा कि एक बार मुझे आश्चर्य हुआ जब एक अपराधी मेरे घर आया और उसने मुझे 'धन्यवाद' कहा। यह एक ऐसा अनुभव था जिसने मुझे संतुष्ट किया।

## कहा- इन समस्याओं के कारण यहां हो रहे जानलेवा हादसे

# जर्जर सड़कों और रैलिंग को लेकर सैलजा ने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र में जर्जर सड़को और नहरों के पुल के रैलिंग न बने होने के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है, सड़के काफी जर्जर हो चुकी है जो हादसों का सबब बनती जा रही है। इस प्रकार प्रमुख नहरों के पुल के आसपास कोई सुरक्षा दीवार नहीं है और न कोई संकेतक हैं, जिनसे हुए हादसों में अनेक लोगों की जान जा चुकी है। ऐसे में अधिकारियों की एक टीम का गठन कर ऐसे स्थानों और सड़कों की पहचान करवाकर मरम्मत करवाई जाए ताकि हादसों को रोका जा सके।

### उखड़ी सड़कें ठीक नहीं की गई



सैलजा ने कहा है कि कुछ सड़कों की स्थिति काफी खराब है। हरियाणा और पंजाब को जोड़ने वाला एनएच-703 क्षतिग्रस्त हो चुका है। किसान आंदोलन के दौरान गत वर्ष इस सड़क को उखाड़ा गया था, जिसे अभी तक ठीक नहीं किया गया है। इससे वाहन चालकों को परेशानी होती है। हादसे होते रहते हैं। सिरसा-भादरा रोड पर कई स्थानों खासकर चौपटा और गांव कागदाना के बीच क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। रानियां-जीवनगर मार्ग पर गांव रामपुर थेडी और जीवननगर के बीच दो किमी की सड़क क्षतिग्रस्त है। यह सड़क दो साल से टूटी पड़ी है। ऐसे में वाहन चालकों को आने जाने में काफी परेशानी होती है, इस मार्ग की तत्काल मरम्मत करवाने की जरूरत है।

### सड़क के बीच पेड़ व खंबा बड़ी समस्या

सैलजा ने लिखा है कि रतिया में फतेहाबाद मार्ग पर राजकीय महिला कालेज तक बनी सड़क बुरी तरह से टूट चुकी है, इस सड़क पर हर समय धूल उड़ती रहती है या बरसात होने पर कीचड़ हो जाता है। इस रोड की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कॉलेज जाने वाली छात्राओं को आने जाने में काफी परेशानी होती है और वाहन चालकों की तो जान पर बन आती है।

### टीम गठित कर पता लगाएं कहां कहां मरम्मत की जरूरत

कुमारी सैलजा ने सीएम को लिखे पत्र में लिखा है कि रतिया क्षेत्र में एक गांव के समीप कुछ समय पूर्व भाखड़ा नहर पर पुल की रेलिंग नहीं होने पर एक बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ था, एक बस नहर में गिर गई थी जिससे 12 लोगों की जान चली गई थी अगर पुल के आसपास सुरक्षा दीवार (रेलिंग) होती तो शायद हादसा न होता। सिरसा में गांव लोहगढ़ के समीप से गुजर रही राजस्थान कैनाल पर बना हुआ पुल काफी जर्जर है और टूट चुका है जिससे वहां पर बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में एक टीम का गठन कर सबसे पहले इस बात का पता लगाया जाए कि कहां कहां पर नहरों के पुल क्षतिग्रस्त है या रैलिंग नहीं है या रेलिंग टूट चुकी है फिर इनकी मरम्मत करवाई जाए ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके और किसी प्रकार के जान माल का नुकसान न हो सके। इसी प्रकार जिला में अनेक सड़के लंबे समय से टूटी पड़ी है, जर्जर हो चुकी है जहां पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते है और जान माल का नुकसान होता रहा है।

## नीतीश ने एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का शुभारंभ किया

# अमेरिका में बिकेगा बिहार के मखाने के साथ घी व कनाडा में गुलाब जामुन

**पटना।** (एजेंसी) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुधा के पहले एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का शुभारंभ कर दिया। गुरुवार को सीएम ने एक अणे मार्ग से पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के तहत सुधा के पहले एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें विशेष रूप से मखाना, घी और गुलाब जामुन भेजे जा रहे हैं। कार्यक्रम में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयालक्ष्मी ने मुख्यमंत्री को इस पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राज्य सरकार के कई प्रमुख मंत्री और अधिकारी उपस्थित थे।

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**


भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता जाखल के अनुभाग में ट्रैक के दैनिक रखरखाव के लिए दो वर्षों के लिए वाहनों को किराए पर लेने कार्य हेतु। |
| अनुमानित लागत | (1) रु.1,39,99,938.90 |
| धरोहर राशि | (1) रु.2,20,000.00 |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 07.03.2025 को 18.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 28.03.2025 को 18.30 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.gem.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128–डब्लू/260/निविदा सूचना/जैम/2025/बी/6018105
दिनांक: 07.03.2025 739/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप



### डब्लूपीजीए रद : दीक्षा प्रणवी, अवनि निराश

**गोल्ड कोस्ट।** भारतीय महिला गोल्फरों दीक्षा डागर, प्रणवी उर्स और अवनि प्रशांत के लिए यह सप्ताह निराशाजनक रहा क्योंकि अल्फ्रेड तूफान के प्रभाव की आशंका से आस्ट्रेलियाई डब्लूपीजीए चैंपनशिप और गोल्ड कोस्ट गोल्फ फेस्टिवल रद्द कर दिया गया। मौसम के अनुमान और आयोजकों से मशविरे के बाद लेडीज यूरोपीय टूर ने यह अभूतपूर्व फैसला लेते हुए पहले दिन के खेल से पूर्व टूर्नामेंट रद्द कर दिया। दीक्षा लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता है जबकि प्रणवी और अवनि ने घरेलू टूर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

### युवा साक्षी की नजरें जूनियर विश्व कप पर

**नई दिल्ली।** हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम के साथ सफल पदार्पण के बाद युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा अब अपनी रफ्तार पर काम कर रही है और उनकी नजरें चिली में इस साल के आखिर में होने वाले जूनियर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन पर लगी है।



सत्रह वर्ष की साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में गोल किया हालांकि भारत वह मुकाबला 3-4 से हार गया था। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी लिहाजा इसे लेकर बहुत खुश हूं। मैं मैच से पहले इतनी नर्वस नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन किया और मुझे कहा कि तुम्हारे पहले मैच में कोई गलती नहीं है लिहाजा खुलकर खेलो।'

### हरमनप्रीत पर लगा 10 फीसदी जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत पर यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के लिए मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



यह घटना यूपी की पारी के 19वें ओवर की है जब अंपायर अजितेष अर्गल ने हरमनप्रीत से कहा कि धीमी ओवरगति के कारण आखिरी ओवर में सिर्फ तीन फील्डर सर्कल के बाहर रह सकते है। इससे खफा हरमनप्रीत ने अंपायर से संक्षिप्त बहस की और उनकी साथ एमेलिया केर भी इसमें जुड़ गई।

### अरावंद प्राग मास्टर्स खिताब के करीब

**प्राग।** ग्रैंडमास्टर अरावंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में चेक गणराज्य के डेविड नावारा से आसान ड्रॉ खेलने के बाद पहला बड़ा टूर्नामेंट जीतने के करीब पहुंच गए हैं। अरावंद के अब 5.5 अंक हो गए हैं और वह आर प्रज्ञानानंदा से आधा अंक आगे हैं जिन्होंने वियतनाम के कुआंग लीम ली से ड्रॉ खेला।



आखिरी दौर में अरावंद का सामना तुर्किए के एडिज गुरेल से और प्रज्ञानानंदा का नीदरलैंड के अनीश गिरि से होगा। पहले तीन मुकाबले हारने के बाद चीन के ग्रैंडमास्टर वेइ यि ने शानदार वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी एंगुयेन थाइ दाइ वान को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### प्रवीण, नवदीप, धरमबीर करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष पैरा-एथलीट 11 से 13 मार्च तक यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में हिस्सा लेंगे जिसमें देश के अभियान की अगुआई ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार हासिल कर चुके प्रवीण कुमार के अलावा नवदीप सिंह और धरमबीर करेंगे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 90 से अधिक स्पर्धायें होंगी और 20 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष पैरा-एथलीट भाग लेंगे।

---

**भारत ने 2013 के बाद से नहीं जीती है चैंपियंस ट्रॉफी**

# विलियमसन बनाम भारतीय स्पिनर, चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में कल होगा रोचक मुकाबला

एजेंसी ▸▸| दुबई

फॉर्म में चल रहे भारतीय स्पिनरों और न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज केन विलियमसन के मुकाबले पर भी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में सभी की नजरें होंगी और यह मैच का निर्णायक पहलू भी साबित हो सकता है। न्यूजीलैंड ने आखिरी बार आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी वर्ष 2000 में जीती थी जब भारत को चार विकेट से हराया था। इसके बाद से आईसीसी 50 ओवरों के खिताब के लिए टीम इंतजार कर रही है। दूसरी ओर भारत ने 2013 के बाद से चैंपियंस ट्रॉफी नहीं जीती है और इस मैच में टीम फिर चार स्पिनर उतार सकती है।

फाइनल मैच दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की उसी पिच पर खेला जाएगा जिस पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच हुआ था। उसमें स्पिनरों को काफी मदद मिली थी। ऐसे में हालात के अनुकूल ढलने का विलियमसन का कौशल और तकनीकी महारत न्यूजीलैंड के लिए अहम होगी। भारत के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच में 81 रन बनाकर वह इसे फिर साबित कर ही चुके हैं। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि भारत का चौतरफा स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण होगा।



### स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण

स्टीड ने कहा, 'हमारे खिलाफ शायद वह स्पिन रणनीति को अपनाएंगे लेकिन हमारे पास भी चार स्पिनर हैं। हमारी टीम संतुलित है लेकिन चौतरफा स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण होगा। उनके पास बेहतरीन स्पिनर हैं। हमें हालात के अनुरुप ढलना होगा और हमारे सभी बल्लेबाज अपनी रणनीति बनाकर भारतीय स्पिनरों के सामने उतरेंगे।'

### केन में काबिलियत

भारत के वरुण चक्रवर्ती के पास विविधता है जिसमें लेग ब्रेक और सीम लेती गेंदें शामिल हैं। उन्होंने मिचेल सेंटनेर को 113 किमी की रफ्तार वाली गेंद पर आउट किया था। ऐसे में स्टीड की रणनीति का अहम हिस्सा विलियमसन होंगे जिन्होंने वनडे क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ 47 की औसत से 2952 रन बनाए हैं। स्टीड ने कहा, 'वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और कई बार न्यूजीलैंड के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर चुका है। क्रिकेट के खेल में रनों की गारंटी नहीं होती लेकिन मुझे पता है कि केन रन बनाने की पूरी कोशिश करेगा। वह दुनिया के चुनिंदा क्रिकेटरों में से है जिनमें विभिन्न पिचों के अनुरुप ढलने की कमाल की काबिलियत है।'



### हेनरी चोटिल
### न्यूजीलैंड को लगा बड़ा झटका

**दुबई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी कंधे की चोट चोट के कारण भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल से बाहर हो सकते हैं हालांकि कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि वह रविवार को फाइनल तक ठीक हो जाएंगे। हेनरी ने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक दस विकेट लिए हैं जिसमें भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में पांच विकेट शामिल है। तैतीस वर्ष के हेनरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लाहौर में बुधवार को सेमीफाइनल के दौरान घायल हो गए थे। स्टीड ने कहा, 'मैट के कंधे में चोट लगी है और वह असहज महसूस कर रहा है। उसका स्कैन कराया गया है और उम्मीद है कि वह मैच तक फिट हो जाएगा।'

---


### चक्रवर्ती विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने के करीब

**मुंबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज मुरली विजय ने मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे वरुण चक्रवर्ती की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि कैरम बॉल और फ्लिपर पर अपने नियंत्रण के कारण यह रहस्यमयी स्पिनर विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने की राह पर है।



चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में अभी तक जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इनमें न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में लिए गए पांच विकेट भी शामिल हैं। भारत रविवार को होने वाले फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करेगा जिसमें चक्रवर्ती की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## वाणी कपूर ने जीता लगातार दूसरा डब्लूपीजीटी खिताब



एजेंसी ▸▸| गुरुग्राम

भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने शुक्रवार को यहां बैक नाइन पर एक बर्डी और आठ पार से एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह आसानी से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण का खिताब जीतने में कामयाब रहीं। वाणी इस तरह रिद्धिमा दिलावारी(70) और रिया झा (73) पर तीन शॉट से आगे रहीं और लगातार दूसरा खिताब हासिल किया।

उन्होंने पिछले महीने चौथा चरण भी जीता था। डब्ल्यूपीजीटी के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार वाणी ने 70-75-71 के कार्ड खेले जिससे 54 होल में उनका कुल स्कोर इवन पार 216 का रहा।



### रोहित बड़ा स्कोर बनाने का रखें लक्ष्य

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित शर्मा को सिर्फ 25-30 रन बनाकर संतुष्ट नहीं होना चाहिए और लंबी पारी खेलने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि क्रीज पर उनकी मौजूदगी भारत के लिए मैच का रूख बदलने वाला असर डाल सकती है। गावस्कर ने कहा, ' वह 25 ओवर भी बल्लेबाजी करते हैं तो भारत 180-200 रन के आसपास होगा। सोचिए कि अगर उन्होंने तब तक सिर्फ दो विकेट खो दिए तो जरा सोचिए कि वे क्या कर सकते हैं। वे 350 रन या इससे अधिक के स्कोर तक पहुंच सकते हैं।'

## जीत के साथ विदाई लेने उतरेंगे वारियर्स



एजेंसी ▸▸| लखनऊ

टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर खड़ी यूपी वारियर्स शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ मैच में जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग के इस सत्र से विदा लेना चाहेगी और इसके लिये मध्यक्रम के उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

यूपी की टीम ने कई मौके गंवाए और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। सात मैचों में महज चार अंक के साथ वह तालिका में सबसे नीचे है और तकनीकी दौर पर ही दौड़ में बनी हुई है।

### गुजरात ने दिल्ली को पांच विकेट से हराया

**लखनऊ।** गुजरात जायंट्स ने हरलीन देओल (नाबाद 70 रन) के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के रोमांचक मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन गेंद रहते पांच विकेट से जीत दर्ज कर खुद को प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार रखा। यह गुजरात जायंट्स की लगातार तीसरी जीत है जिससे वह आठ अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और प्लेऑफ की दौड़ में कायम है। दिल्ली कैपिटल्स के 10 अंक हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तान मेग लैनिंग ने 57 गेंद में 15 चौके और एक छक्के से 92 रन बनाये। उन्होंने और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (40 रन, 27 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) ने महज नौ ओवर के अंदर तेजी से पहले विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी कर धमाकेदार शुरूआत कराई जिससे टीम ने पांच विकेट पर 177 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जायंट्स 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 178 रन ही बनाकर जीत दर्ज की। हरलीन के अलावा बेथ मूनी की 44 रन की पारी भी अहम रही।

---

**चयन नीति में संशोधन**

## भारतीय टीम में चयन के लिए निगरानी में होंगे ट्रायल मैच



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय टीम में चयन को लेकर होने वाले विवादों और अदालती चक्करों से बचने के लिए खेल मंत्रालय ने चयन नीति में संशोधन कर राष्ट्रीय खेल संघों को इन्हें लागू करने के आदेश दिए हैं।

अब कोई भी खेल संघ भारतीय टीम का चयन अचानक ट्रायल बुलाकर नहीं करा पाएगा। ट्रायल की सूचना खिलाड़ियों को 15 दिन पहले देनी पड़ेगी। ट्रायल वीडियोग्रॉफी के बिना आयोजित नहीं किए जाएंगे। ट्रायल की वीडियो मंत्रालय और साई को भेजनी होगी। टीमों के ट्रायल मंत्रालय के पर्यवेक्षकों की निगरानी में होंगे।

### शिकायत निवारण समिति गठित करनी होगी

नई नीति के अनुसार खेल संघों को खिलाड़ियों के लिए एक समान चयन नीति और शिकायत निवारण प्रणाली लागू करनी होगी। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में राष्ट्रीय खेल महासंघों को स्पष्ट किया था कि खेल संघ चयन में पारदर्शिता अपनाते हुए खिलाड़ियों के साथ कानूनी टकराव से बचें। हाल के दिनों में कुश्ती, निशानेबाजी और कुछ शीतकालीन खेलों की प्रतियोगिताओं के दौरान चयन को लेकर काफी विवाद सामने आए। हर ट्रायल से पहले खेल संघों को मंत्रालय को सूचित करना होगा।

### निजी कोच भी बन सकेंगे टीम का हिस्सा



शिकायत निवारण समिति को सात दिन के अंदर फैसला देने को कहा गया है। फैसले के खिलाफ अपील समिति भी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। चयन समिति का कोई भी सदस्य शिकायत निवारण समिति का हिस्सा नहीं होगा। खिलाड़ियों के साथ लगातार जुड़े रहने वाले उनके निजी कोच या सपोर्ट स्टाफ का भी टीम में चयन मेरिट के तहत किया जा सकता है।

## भारत के प्रणव वेंकटेश ने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप जीती

**नई दिल्ली।** भारत के प्रणव वेंकटेश ने शुक्रवार को मोंटेनेग्रो के पेट्रोवाक में 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया के मैटिक लेवरेंसिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप (अंडर-20) जीत ली। भारतीय शतरंज के लिए यह एक शानदार दिन रहा क्योंकि अरविंद चितंबरम ने कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर प्राग मास्टर्स जीत लिया। पिछले साल चेन्नई इंटरनेशनल में चैलेंजर्स वर्ग जीतने वाले वेंकटेश ने दुनिया के जूनियर खिलाड़ियों के बीच अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपराजित रहे। भारतीय खिलाड़ी ने कुल सात जीत और चार ड्रॉ के साथ संभावित 11 में से नौ अंक हासिल किए। जब अंतिम दौर की जोड़ियों की घोषणा की गई तो यह स्पष्ट था कि वेंकटेश के लिए ड्रॉ ही काफी होगा। महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने वेंकटेश की इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, ''विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव वेंकटेश को बधाई। वह शानदार फॉर्म में हैं। वह लगातार अपने खेल का विश्लेषण करते हैं, सुझाव देते हैं और फीडबैक लेते हैं। आप विश्व जूनियर चैंपियंस की एक बहुत ही प्रतिष्ठित पंक्ति में शामिल हो गए हैं!''

## इंग्लैंड के सफेद गेंद के नए कप्तान हो सकते हैं स्टोक्स

एजेंसी ▸▸| लंदन

जोस बटलर के इस्तीफे के बाद इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स सीमित ओवरों के प्रारूप में अगले कप्तान हो सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाने के बाद बटलर ने टूर्नामेंट के बीच में ही कप्तानी छोड़ दी थी। इससे पहले भारत में श्रृंखला में भी उसे पराजय मिली।

तैतीस बरस के स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर थे। उन्होंने 2023 विश्व कप के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेली है जब उन्होंने इस प्रारूप से विदा लेने का अपना फैसला वापिस ले लिया था। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड में पुरुष क्रिकेट निदेशक की ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, बेन स्टोक्स सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से है। उसके नाम पर विचार नहीं करने वाला मूर्ख होगा। वह अविश्वसनीय रूप से अच्छा रणनीतिकार है जो हमने टेस्ट क्रिकेट में देखा। वह खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा पाता है। वह ऐसा इंसान है जो दबाव के हालात में खिलाड़ियों की ढाल बनकर उन्हें खुद पर भरोसा रखने में मदद करता है।'




**एक अरब 40 करोड़ जनसंख्या वाले देश में एक स्ट्राइकर तैयार नहीं**

## छेत्री की वापसी से भारतीय फुटबॉल की स्थिति उजागर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुनील छेत्री के 40 साल की उम्र में संन्यास से वापसी करने के फैसले को अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने भले ही बुद्धिमता पूर्ण करार दिया हो। लेकिन इससे भारतीय फुटबॉल की खराब स्थिति का भी पता चलता है जहां एक अरब 40 करोड़ जनसंख्या वाले देश में एक अदद स्ट्राइकर तैयार नहीं हो पाया।

उस खिलाड़ी की जितनी भी तारीफ की जाए कम है जिसने लगभग दो दशक तक राष्ट्रीय टीम को अपनी सेवाएं दी और भारत की तरफ से सर्वाधिक 94 गोल करके अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहा था। छेत्री ने पिछले साल मई में सन्यास की घोषणा की थी तब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक गोल करने वाले सक्रिय खिलाड़ियों की सूची में पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी के बाद तीसरे नंबर पर थे। लेकिन छेत्री की उपलब्धियां अपनी जगह हैं और उनका संन्यास लेने के एक साल से भी कम समय में वापसी करने का फैसला चौंकाने वाला है और इससे भारतीय फुटबॉल को लेकर अच्छे संकेत नहीं गए। एआईएफएफ के अनुसार उन्हें राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ उन्हें संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने में सफल रहे। मुख्य कोच ने उन्हें एएफसी एशिया कप 2027 के क्वालीफायर्स के अंतिम दौर के लिए टीम से जुड़ने का आग्रह किया था। छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद भी इंडियन सुपर लीग में बेंगलुरु एफसी की तरफ से खेलते रहे। वह इस टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में अभी तक 23 मैच में 12 गोल कर चुके हैं। उनके इस प्रदर्शन के कारण ही राष्ट्रीय कोच ने उन्हें राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए कहा।




### सुनील की नेतृत्व क्षमता बेजोड़

आईएसएल में उनके प्रदर्शन से एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे भी प्रभावित थे। चौबे ने कहा, 'सुनील की नेतृत्व क्षमता बेजोड़ है। उनके जैसा खिलाड़ी पूरी टीम को प्रेरित कर सकता है। आईएसएल में उनकी फॉर्म भी शानदार रही है। उन्होंने 12 गोल किए हैं और उनके जैसे स्ट्राइकर से भारत को काफी फायदा हो सकता है।' चौबे की तरह एआईएफएफ महासचिव अनिलकुमार पी और अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी आईएम विजयन ने भी इस फैसले के सकारात्मक पक्ष पर ही ध्यान देना उचित समझा। अनिल कुमार ने कहा, 'हमारे विशेषज्ञों से हमें जो आंकड़े मिले उसके आधार पर सुनील छेत्री को टीम में शामिल करने का मुख्य कोच का फैसला बुद्धिमत्ता पूर्ण है। मौजूदा इंडियन सुपर लीग में छेत्री निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी वापसी से निश्चित तौर पर राष्ट्रीय टीम को मजबूती मिलेगी।'

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने रद्द किया ईडी का समन



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती और राज्य सरकार में मंत्री भैरती सुरेश को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन को रद्द कर दिया है। जस्टिस हेमंत चंदनगौडर की बेंच ने ईडी की कार्रवाई को अवैध करार देते हुए कहा था कि 28 और 29 अक्टूबर को नटेश के बयान दर्ज करना नियमों के खिलाफ था। ईडी ने दिसंबर में लोकायुक्त को पत्र लिखकर 700 करोड़ रसे अधिक के भूमि घोटाले में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए थे और पूछताछ के लिए समन भेजा था, जिसे अब हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध का बम मिला



**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में रेल पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिलने के बाद लंदन और उत्तरी क्षेत्र जाने वाली यूरोस्टार की सभी रेलगाड़ियों का परिचालन शुक्रवार को रोक दिया गया। यूरोस्टार ब्रिटेन की एक ट्रेन सेवा है। फ्रांस के राष्ट्रीय रेल संचालक 'एसएनसीएफ' ने एक बयान में कहा कि पुलिस के अलर्ट के बाद गारे डू नॉर्ड पर अगले आदेश तक रेल परिचालन रुका रहेगा। हम यात्रियों से अपनी यात्रा स्थगित करने का अनुरोध करते हैं। गारे डू नॉर्ड एक प्रमुख यूरोपीय पारगमन केंद्र (ट्रांजिट हब) है।

### पाक में 'लव' की समाधि के शुक्ला ने किए दर्शन



**लाहौर।** बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पाकिस्तान में लाहौर के प्राचीन किले में स्थित प्रभु राम के पुत्र लव की समाधि के दर्शन किए। उन्होंने लिखा कि लाहौर के प्राचीन किले में प्रभु राम के पुत्र लव की प्राचीन समाधि है। लाहौर नाम भी उन्ही के नाम से है। वहां प्रार्थना का अवसर मिला था। यही नहीं लाहौर के म्युनिसिपल रिकॉर्ड में दर्ज है कि यह नगर (लाहौर) भगवान राम के पुत्र लव के नाम से बसाया गया था और कसूर शहर उनके दूसरे पुत्र कुश के नाम से बसा था। उन्होंने आगे कहा इस बात को पाकिस्तान सरकार भी मानती है।

---

*समुद्र में भी भारत से पार नहीं पाएगा दुश्मन*

# तीन महीने तक चले ट्रोपेक्स एक्सरसाइज में नौसेना ने अपनी क्षमताओं का किया प्रदर्शन, कई नई शक्तियां अपने साथ जोड़ीं

ट्रोपेक्स परिचालन स्तर का अभ्यास है, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक युद्धपोतों के साथ-साथ सभी युद्धक भारतीय नौसेना इकाइयां शामिल होती हैं। इसे हर दो साल में आयोजित किया जाता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के कैपस्टोन थिएटर लेवल ऑपरेशनल एक्सरसाइज (ट्रोपेक्स) का 2025 संस्करण पूरा हो चुका है। लगभग तीन महीने तक चले इस अभ्यास में नौसेना ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया और कई नई शक्तियां अपने साथ जोड़ीं। इसे जनवरी से मार्च तक तीन महीने की अवधि में आयोजित किया गया था। मार्च 2025 की शुरुआत में संपन्न हुई इस अन्यास ने नौसेना के संचालन की कई अवधारणाओं को मान्य करने में मदद की। ट्रोपेक्स परिचालन स्तर का अभ्यास है, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक युद्धपोतों के साथ सभी युद्धक भारतीय नौसेना इकाइयां शामिल होती हैं।

अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर में किया युद्धाभ्यास

70 जहाजों, 10 पनडुब्बियों और 80 से अधिक विमानों ने भाग लिया





### एकीकृत तरीके से चुनौतियां का जवाब देने का अभ्यास

ट्रोपेक्स 25 में 65-70 भारतीय नौसेना के जहाजों, 9-10 पनडुब्बियों और विभिन्न प्रकार के 80 से अधिक विमानों ने भाग लिया। इसमें सुखोई-30, जगुआर, सी-130, फ्लाइट रिफ्यूलर, एडब्ल्यूएसीएस विमान, 600 से अधिक पैदल सेना के सैनिक और 10 से अधिक आईसीजी जहाज शामिल थे। इस एक्सरसाइज से राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए समन्वित और एकीकृत तरीके से विविध चुनौतियों का जवाब देने की नौसेना की क्षमता का एक अहम मूल्यांकन किया गया।

### *थलसेना और नौसेना ने खास तरह का अभ्यास किया*

*इस दौरान थलसेना और नौसेना के जवानों ने एक खास तरह का अभ्यास किया, जिसे एम्फेक्स नाम दिया गया था। यह एक्सरसाइज ऐसी स्थितियों के लिए होती है, जब किसी जहाज को बंधक बना लिया जाता है। इसमें एक संयुक्त कार्य चरण शामिल था जो लक्ष्य पर तोपों के सटीक निशाने, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और टैक्टिकल फेज पर केंद्रित था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी सहित हिंद महासागर में आयोजित इस एक्सरसाइज का संचालन क्षेत्र उत्तर से दक्षिण तक 35 डिग्री दक्षिण अक्षांश तक लगभग 4300 समुद्री मील और पश्चिम में होर्मुज जलडमरूमध्य से पूर्व में सुंडा और लोम्बोक जलडमरूमध्य तक 5000 समुद्री मील तक फैला हुआ था।*

---

आयरलैंड में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# आतंकवाद सार्वकालिक चुनौती, इससे निपटा जाए



एजेंसी ▶▶ डबलिन

आयरलैंड में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन में अपने संबोधन में कहा कि संघर्ष आज एक प्रमुख मुद्दा है और भारत का मानना है कि मतभेदों को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए, न कि युद्ध के मैदान में। इस दौरान उन्होंने कई विदेशी नीति मुद्दों पर बात की और 1985 में हुए एयर इंडिया विमान आतंकवादी हमले का जिक्र किया, जिससे भारत और आयरलैंड के बीच आतंकवाद के खिलाफ साझा दृष्टिकोण को उजागर किया। उन्होंने बताया कि आयरलैंड के वेस्ट कॉर्क गांव अहाकिस्ता में उस हमले में मारे गए 329 लोगों की याद में एक स्मारक स्थापित है। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि हम संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालें, चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो

### ईयू के साथ एफटीए को तैयार

विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रही लंबी बातचीत का भी उल्लेख किया, जो अब लगभग 23 वर्षों से चल रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है। भारत और आयरलैंड के बीच मजबूत आर्थिक और शैक्षिक संबंधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि आयरलैंड में लगभग 13,000 भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जो आयरलैंड के राष्ट्रीय विकास में योगदान दे रहे हैं।

### भारत आतंकवाद का शिकार रहा

विदेश मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर भी चर्चा करते हुए कहा कि भारत लंबे समय से आतंकवाद का शिकार रहा है और इसे समाप्त करने के लिए समर्पण और संकल्प की आवश्यकता है। उन्होंने ने भारत की आर्थिक वृद्धि की दर के बारे में बात करते हुए कहा कि देश अगले दशकों में सात फीसदी के आसपास विकास की गति बनाए रखेगा।

---

सीडीएस जनरल चौहान ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ की मुलाकात

# द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा साझा सुरक्षा चिंताओं पर देंगे साथ ध्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के आखिरी दिन शुक्रवार को ऐतिहासिक विक्टोरिया बैरक का दौरा किया। यह किसी भारतीय चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की ऑस्ट्रेलिया की पहली यात्रा थी। उन्होंने इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ मुलाकात की। इसके अलावा फोर्स कमांड मुख्यालय, ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज और लोवी इंस्टीट्यूट का दौरा भी किया।

**जनरल चौहान को ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मुख्यालय में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर** - जनरल चौहान को कैनबरा स्थित ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जो भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी को मजबूत करने का प्रतीक है। इस औपचारिक स्वागत ने दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और बढ़ते रणनीतिक सहयोग को रेखांकित किया।

### दोनों देश शांतिपूर्ण, स्थिर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने पर सहमत



जनरल चौहान की यात्रा में वरिष्ठ रक्षा नेताओं के साथ बैठकें शामिल थीं, क्योंकि भारत ऑस्ट्रेलिया के लिए एक शीर्ष स्तरीय सुरक्षा साझेदार है। दोनों देश शांतिपूर्ण, स्थिर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चर्चाओं में दोनों देशों के दीर्घकालिक रक्षा और सुरक्षा सहयोग के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए व्यावहारिक विचारों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### वार्ताओं में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। इन बैठकों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना, साझा सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करना और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देना था। चौहान ने ऐतिहासिक सैन्य विक्टोरिया बैरक का दौरा किया, जो ऑस्ट्रेलिया की समृद्ध विरासत और रणनीतिक सैन्य योजना को आकार देने में भूमिका के लिए जानी जाती है। सीडीएस को ऑस्ट्रेलियाई सेना के रणनीतिक पहलुओं पर डिप्टी जी7 आर्मी ब्रिगेडियर सीन पार्क्स ने जानकारी दी। यात्रा से ऑस्ट्रेलियाई सेना के परिचालन ढांचे और कमांड संरचनाओं के बारे में सीडीएस को जानकारी मिली।

### सीडीएस ने ऑस्ट्रेलियाई युद्ध स्मारक का किया दौरा

सीडीएस ने साझा बलिदानों के लिए श्रद्धांजलि के रूप में ऑस्ट्रेलियाई युद्ध स्मारक का दौरा किया और उन बहादुरों को श्रद्धांजलि दी, अपने देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। युद्ध स्मारक पर गैलीपोली अभियान के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों सहित शहीद नायकों को सम्मानित करते हुए अंतिम संस्कार समारोह में भाग लिया। सीडीएस ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज का दौरा किया, उनका स्वागत ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज के कमांडर रियर एडमिरल जेम्स लाइब्रांड ने किया ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के रणनीतिक और परिचालन पहलुओं के बारे में जानकारी दी।

### सीडीएस ने भारतीय छात्र अधिकारियों के साथ की बातचीत

सीडीएस चौहान ने रक्षा और सामरिक अध्ययन पाठ्यक्रम के अधिकारियों को संबोधित करके उनसे उभरती सुरक्षा चुनौतियों और संयुक्त सैन्य सहयोग के महत्व पर अंतर्दृष्टि साझा की। सीडीएस ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय छात्र अधिकारियों के साथ बातचीत भी की, जिसमें द्विपक्षीय सैन्य समझ और पेशेवर आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को स्वीकार किया गया। यह यात्रा ऑस्ट्रेलिया के साथ पेशेवर सैन्य शिक्षा संबंधों और क्षमता निर्माण प्रयासों को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

### चार दिवसीय ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली से रवाना हुए थे सीडीएस

सीडीएस जनरल अनिल चौहान 04 मार्च को चार दिवसीय ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली से रवाना हुए थे। उनकी 7 मार्च तक की यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को और मजबूत करना था। उन्होंने अपने समकक्ष ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल प्रमुख एडमिरल डेविड जॉनसन एसी आरएएन और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बातचीत की। जनरल अनिल चौहान का स्वागत रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी के डिप्टी फ्लीट कमांडर कमोडोर रे लेगट ने किया और उन्होंने रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी के सबसे बड़े उभयचर हमलावर जहाज एचएमएएस एडिलेड का दौरा किया। इस दौरान उन्हें ऑस्ट्रेलिया की नौसैनिक क्षमताओं, उभयचर संचालन के बारे में जानकारी दी गई, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते समुद्री सहयोग को रेखांकित करती है।

---

ट्रंप के टैरिफ वार से टूटी कनाडा की कमर

# विदाई भाषण में पत्रकारों के सामने ही फूट-फूटकर रोए जस्टिन ट्रूडो

एजेंसी ▶▶ ओटावा



कनाडा में जस्टिन ट्रूडो पीएम पद से इस्तीफा दे चुके हैं। अपने विदाई भाषण में ट्रूडो की आंखों में आंसू आ गए। दरअसल, कनाडा के निवर्तमान पीएम ट्रूडो आखिरी बार पीएम के तौर पर भाषण दे रहे थे, क्योंकि जल्द ही लिबरल पार्टी एक नया उत्तराधिकारी चुनने वाली है। ट्रूडो ने कहा कि व्यक्तिगत स्तर पर, मैंने यह सुनिश्चित किया है कि इस पद पर हर दिन मैं कनाडाई लोगों को प्राथमिकता दूं।

### लोगों के बीच एकता का आह्वान किया

ट्रूडो ने चेताते हुए कहा कि ट्रंप टैरिफ के जरिए कनाडा की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना चाहते हैं ताकि कनाडा को अमेरिका में मिलाया जा सके। उन्होंने आने वाले कठिन समय से उबरने के लिए कनाडाई लोगों के बीच एकता का आह्वान किया। ट्रूडो ने ट्रंप की आक्रामक राजनीति की निंदा की और कहा कि कनाडाई और मैक्सिकन को समृद्ध होना चाहिए।

## नौ देशों की महिला शक्ति



**अहमदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नो देशों की महिला राजदूतों ने गुजरात के कच्छ जिले में अडानी समूह की एक फैक्टी का दौरा किया, जहां उन्होंने सोलर परियोजना का अवलोकन किया।

---

राज्य सिविल सेवा अधिकारियों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

# जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने पर्यावरण अनुकूल पहल करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सिविल सेवा अधिकारियों से कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण की चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए। एलबीएसएनएए में 126वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग ले रहे राज्य सिविल सेवा अधिकारियों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



### राष्ट्रीय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाएं

*राष्ट्रपति ने अधिकारियों को उनकी पदोन्नति और भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपनी नई भूमिका में दूसरों को प्रेरित करना चाहिए तथा अपने आस-पास के लोगों को सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।*

### लोगों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील हों

राष्ट्रपति ने कहा कि शासन का सार लोगों की जरूरतों के प्रति जवाबदेही और संवेदनशीलता में निहित है। नागरिक-केंद्रित प्रशासन लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देता है, गरीबों और वंचितों पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने उन्हें यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि नीतियों और कार्यक्रमों को इस तरह से लागू किया जाए, जिससे उनकी चिंताओं का प्रभावी ढंग से समाधान हो। उन्होंने कहा कि वे जो निर्णय लेते हैं और जो नीतियां लागू करते हैं, उनसे हमारे देश और लोगों के विकास में योगदान मिलना चाहिए।

---

# हवाई सफर पर 'जीपीएस हैकिंग' का मंडराया बड़ा खतरा

जीपीएस जैमिंग की स्थिति में लैंडिंग या टेकऑफ में बढ़ सकता है खतरा

## हाईजैक, क्रैश और विमान की दिशा भी बदल सकते हैं साइबर हमलावर

वैज्ञानिक ऑप्टिकल घड़ियां बनाने में जुटे जो जीपीएस पर निर्भर नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल में लंदन से लिथुआनिया जा रहे एक विमान को लैंडिंग से पहले जीपीएस (जीपीएस) सिग्नल में खराबी आने के चलते पोलैंड की मोड़ना पड़ा। दरअसल, विमान के जीपीएस को हैक कर लिया गया था। इसके साथ ही कमर्शियल एयरलाइंस को प्रभावित करने वाली जीपीएस हैकिंग (जैमिंग) और स्पूफिंग की घटनाओं में भारी इजाफा देखने को मिला है। साल 2024 के आखिरी तीन महीनों में इस तरह की 800 से ज्यादा घटनाएं हुई हैं। ब्रिटेन के वैज्ञानिक नई तकनीक विकसित करने में जुटे हैं, जो जैमिंग को बेअसर कर सकती है। नई ऑप्टिकल घड़ियां मौजूदा परमाणु घड़ियों से 100 गुना अधिक सटीक



### विमान को गलत रास्ते पर ले जा सकते

*जीपीएस सिस्टम गलत दिशा या डेटा दिखा सकता है। इससे विमान को वैकल्पिक रूट लेना पड़ता है, जो सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। जीपीएस जैमिंग के चलते पायलट को सटीक दिशा नहीं मिलती, जिससे विमान गलत रास्ते पर जा सकता है। पायलट को गलत लोकेशन और समय डेटा मिलने से दूसरे विमानों से टकराने का खतरा बढ़ जाता है। खराब मौसम में दृश्यता कम होने पर जीपीएस की बहुत जरूरत होती है, लेकिन जैमिंग की स्थिति में लैंडिंग या टेकऑफ में खतरा बढ़ सकता है। विमान और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के बीच समन्वय में परेशानी हो सकती है।*

### जीपीएस सिग्नल को करते हैं बाधित

*जीपीएस हैकिंग जैमिंग, एक साइबर हमला है। इसमें किसी डिवाइस के जीपीएस सिग्नल को बाधित किया जाता है। साइबर अपराधी जैमर डिवाइस से हाई-पावर रेडियो वेव्स भेजते हैं, जो असली जीपीएस सिग्नल को ओवरराइड कर देती हैं और रिसीवर (जैसे- विमान, कार, मोबाइल) को सटीक लोकेशन का डेटा मिलने में बाधा डालती हैं। वहीं, जीपीएस स्पूफिंग भी साइबर हमला है।*

---

उमर अब्दुल्ला ने पेश किया जम्मू-कश्मीर का बजट

# मुफ्त बिजली और बस यात्रा का ऐलान, पीएम मोदी की प्रशंसा की

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को विधानसभा में शून्य घाटे वाला बजट पेश किया, जिसमें 2025-2026 के लिए 1,12,310 लाख करोड़ रुपए के खर्च की घोषणा की गई। इसमें बहु-क्षेत्रीय कल्याण और विकास पर जोर दिया गया गया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार में वित्त विभाग भी संभाल रहे अब्दुल्ला ने बजट में अंत्योदय अन्न योजना परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की। कहा सभी महिलाओं को एक अप्रैल से ई-बसों सहित सभी सरकारी परिवहन में मुफ्त सफर की सुविधा प्रदान की जाएगी।

### *समावेशी विकास को प्राथमिकता*

*अनुमानों के बारे में बातते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि सकल प्राप्तियां 1,40,309.99 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जिसमें 28,000 करोड़ रुपए के ओवरड्राफ्ट के प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बजट में समावेशी विकास, राजकोषीय विवेक और बुनियादी ढांचे, कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और डिजिटल शासन में रणनीतिक निवेश को*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109